
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार



PG-5

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाःका बोल्ड अंदाज देख फैंस के छूटे पसीने, कहा

वर्ष -08 अंक -158 | प्रयागराज, सोमवार 05 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस रमणा ने जनहित याचिकाओं के दुरुपयोग पर जताई चिंता


**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूरव मुख्य न्यायाधीश एनवी रमणा ने कहा कि लोकतंत्र में सरकारों के निरणय सुधारने की अपनी प्रक्रिया होती है और यही एकमात्र तरीका भी है। अदालतों को ऐसा करने के लिए बहुत उत्साहित नहीं होना चाहिए, लेकिन कुछ परिस्थितियों में उन्हें विपक्ष या विपक्ष के विकल्प की भूमिका का भी निर्वहन करना चाहिए। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रमणा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कैपिटल फाउंडेशन राष्ट्रीय व्याख्यान और पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। रमणा को जस्टिस वीआर कृष्णा अय्यर सम्मान से सम्मानित किया गया। स्वयं उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए 'लाइफ टाइम अचीवमेंट' अवार्ड से सम्मानित किया। रमणा ने



जनहित याचिकाओं (पीआइएल) के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की इस अभिनव पहल से बड़े स्तर पर जनहित की सेवा हुई है। इसके माध्यम से लोग अदालतों के करीब आए हैं, लेकिन इसका दुरुपयोग चिंता भी पैदा करता है। इस तरह के कई प्रशन हैं, जिन्हें फिर से देखने की जरूरत है। रमणा ने कहा कि सात दशकों में सुप्रीम कोर्ट से कई तरह के मत निकले हैं, ऐसे में न्यायपालिका को किसी एक राय के आधार पर नहीं आंका जा सकता है। इसी तरह, जरूरी नहीं कि 30 से अधिक संवैधानिक संस्थाएं एक ही भाषा में बोलें, यदि वे ऐसा बोलती हैं तो यह स्वस्थ लोकतंत्र का संकेत भी नहीं है। अदालतों ने देश में आपातकाल के पहले या बाद में कई ऐतिहासिक फैसले दिए और यह संभव बनाया कि कानून का राज बना रहे।नवीन पटनायक ने पुरस्कार को ओडिशा के 4.5 करोड़ लोगों को समर्पित करते हुए कहा कि 22 वर्षों से जनता का जो उन पर विश्वास है, वह एक सशक्त ओडिशा की दिशा में काम करने की सबसे बड़ी प्रेरणा है।

## हमारे समुद्री हित प्रशांत महासागर से भी जुड़े हुए : जयशंकर

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**अहमदाबाद।** जब हम भारत के समुद्री हितों पर बात करते हैं तो हमारा नजरिया केवल हिंद



महासागर तक ही सीमित नहीं होता, हम प्रशांत महासागर क्षेत्र की भी बात कर रहे होते हैं। हम जो भी रणनीति बनाते हैं वह हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए बनाते हैं। इस क्षेत्र को केंद्र में रखकर पूरी दुनिया रणनीति तैयार कर रही है। यह कहना है विदेश मंत्री एस जयशंकर का। वह अपनी पुस्तक- द इंडिया वे : स्ट्रैटजीज फार एन अनसर्टेन व?र्ल्ड के गुजराती में अनुवाद के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। जयशंकर ने कहा, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में भारत का आत्मविश्वास प्रदर्शित करना है। अमेरिका के साथ मिलकर, चीन का इंतजाम करते हुए, यूरोप से लाभ लेते हुए, रूस को आश्वस्त करते हुए, जापान को साथ लाते हुए भारत को कार्य करना है। सबका साथ और सबका विश्वास, यही भारत की विदेश नीति है। इसलिए जब हम समुद्री हितों की बात करते हैं तो वह कई समुद्रों की बात होती है। यह हमारी सोच की बढ़ी सीमाओं का प्रतीक है। विदेश मंत्री ने कहा, हमारा 50 प्रतिशत से ज्यादा व्यापार पूरव की ओर होता है। यह माल प्रशांत महासागर के जरिये जाता है। ऐसे में हमारा उसके विषय में सोचना स्वाभाविक है। यह हिंद महासागर से मिला हुआ समुद्री क्षेत्र है। हमारे हितों का दायरा अब बढ़ रहा है, इसलिए हमें सोच का दायरा भी बढ़ाना होगा। अपनी पुस्तक के एक अध्याय पर चर्चा करते हुए जयशंकर ने कहा, हम दूसरे देशों की समस्याओं में हस्तक्षेप नहीं करते थे। यह स्थिति 1950-1960 के समय थी। तब हम हस्तक्षेप करने की हैसियत में नहीं थे। लेकिन अब जबकि हम दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाले देश बन गए हैं, तब हमें सोच बदलनी होगी। हम दुनिया में पांचवें स्थान पर आकर 20 वें स्थान वाली सोच नहीं रख सकते। हमें अपना नजरिया विस्तृत करना होगा, उसके अनुसार कदम उठाने होंगे-निर्णय लेने होंगे।

## सायरस मिस्त्री की मौत पर शरद पवार ने कहा- हाईवे पर वाहनों की तेज गति पर रोक लगाने की जरूरत


**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को सड़क दुर्घटना में साइरस मिस्त्री की मौत को चौंकाने वाला बताते हुए कहा कि राजमार्गों



पर गति सीमा नीति को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। 54 साल के मिस्त्री की रविवार दोपहर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। गति सीमा को सख्ती से लागू करने की जरूरत राकांपा प्रमुख पवार ने कहा, 'देश में कुछ परिवार ऐसे हैं जो लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं लेकिन देश के विकास में उनका योगदान बहुत बड़ा होता है। शापूरजी पलोनजी मिस्त्रा ने देश के विभिन्न परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।' उन्होंने मिस्त्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राजमार्गों पर गति सीमा को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। पवार ने कहा कि पिछले कुछ सालों के दौरान देश में सड़कों की स्थिति काफी बेहतर हुई है। हालांकि सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाना आजकल आम होता जा रहा है।पवार ने कहा कि मिस्त्री परिवार की पूंजी एक समय में टाटा से अधिक थी। उन्होंने कहा कि साइरस मिस्त्री उद्योगों की युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वह लंबे समय तक टाटा समूह के निदेशक मंडल में शामिल थे और बाद में उन्हें टाटा समूह का प्रमुख बना दिया गया। मिस्त्री को टाटा समूह का नेतृत्व करने के लिए बहुत कम समय मिला। हालांकि उन्होंने इतने कम समय में काफी बेहतर काम किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, टाटा समूह में सहयोगियों के साथ एकमत नहीं हो पाई, जिसके कारण उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा। पवार ने कहा कि मिस्त्री के निधन से बहुत बड़ा सदमा लगा है। मिस्त्री की कार का जिस तरह से एक्सीडेंट हुआ है उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा, ' मेरी बेटी सांसद सुप्रिया सुले तथा साइरस सप्ताह में कम से कम एक बार लंबे समय के लिए मिलते थे। हालांकि मैं व्यक्तिगत रूप से उनके संपर्क में नहीं था'।

## देश के सबसे बड़े कारोबारी घरानों में से एक के प्रमुख साइरस मिस्त्री से जुड़ी 10 बड़ी बातें

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टाटा समूह के पूरव चेयरमैन 54 वर्षीय साइरस मिस्त्री का रविवार को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। यह सड़क हादसा तब हुई, जब वह अहमदाबाद से मुंबई लौट रहे थे तभी अचानक उनकी मर्सिडीज कार डिवाइडर से टकरा गई और यह अनहोनी हो गई। किसी ने नहीं सोचा था कि वह इतनी जल्दी दुनिया को अलविदा कह जाएंगे। आयरलैंड की जमीन पर जन्मे साइरस मिस्त्री का जीवन बड़ा ही रोचक था। साइरस मिस्त्री के पास आयरलैंड की नागरिकता थी। उनके पिता पलोनजी मिस्त्री ने एक आयरिश महिला से शादी रचाई थी। मां के आयरिश होने और जन्म स्थल आयरलैंड होने कारण उन्हें यह नागरिकता प्राप्त थी। उन्होंने अपने



बिजनेस करियर की शुरुआत 18 साल की उम्र में पारिवारिक बिजनेस से की थी। वरष 1991 में वह अपने पिता के बिजनेस पलोनजी ग्रुप से जुड़े थे, जिसके तीन साल के बाद 1994 में उन्हें ग्रुप का निदेशक बना दिया गया था।साइरस मिस्त्री से बड़े एक भाई और उनकी दो बहनें भी हैं। साइरस मिस्त्री की छोटी बहन अलू की शादी रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा से हुई है, जिसके चलते वे रतन टाटा के रिश्तेदार भी लगते हैं।? साइरस मिस्त्री ने अपनी शुरुआती पढ़ाई भारत के मुंबई शहर से की थी। कुछ समय बाद उन्होंने लंदन के इंपीरियल कॉलेज से (1990) में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और उसके बाद उन्होंने थालंदन बिजनेस स्कूल(1997) एमएससी में मास्टर्स किया।

## जापान और मंगोलिया की यात्रा पर आज रवाना होंगे राजनाथ सिंह

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मंगोलिया और जापान की पांच दिवसीय यात्रा पर पांच से सात सितंबर तक मांगोलिया की यात्रा पर रहेंगे। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री द्वारा इस पूर्वी एशियाई देश की पहली यात्रा होगी।



जा रहे हैं। इस दौरान वह रक्षा सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। वैश्विक स्तर पर बदल रहे राजनीतिक समीकरणों के बीच यह यात्रा काफी अहम है। राजनाथ कहा गया है कि जापान में राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने जापानी समकक्षों के साथ टू प्लुस टू प्रारूप में विदेश और रक्षा मंत्री स्तरीय संवाद करेंगे। मंगोलिया से रक्षा मंत्री दो दिवसीय यात्रा पर जापान जाएंगे। वह आठ और नौ सितंबर को जापान में होंगे। वह जापान के साथ आठ सितंबर को होने वाली टू प्लुस टू वार्ता में शामिल होंगे। भारत और जापान के बीच टू प्लुस टू वार्ता की शुरुआत 2019 में दोनों देशों के रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने और विशेष रणनीति एवं वैश्विक साझेदारी को गहरा करने के लिए की गई थी। भारत का कुछ ही देशों के साथ टू प्लुस टू प्रारूप में मंत्री स्तरीय संवाद होता है। इसमें अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और रूस शामिल हैं। जापान के साथ होने वाली टू प्लुस टू वार्ता में दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र के घटनाक्रमों पर बातचीत करने के अलावा रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पांच माह पहले ही भारत-जापान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए थे। उनके भारत आने के पांच माह के बाद ही वार्ता होने वाली है।

## केरल हाइकोर्ट एनडीएमए ने को दिए निर्देश- कोविड टीकाकरण से होने वाली मौतों पर जल्द तैयार करें नीति

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि कोविड-19 वैक्सीन लगवाने के बाद मरने वालों की पहचान जल्द से जल्द करें ताकि उनके परिजनों को मुआवजा मिल सके। कोर्ट ने इस आश्रितों को मुआवजा मिल सके। न्यायालय ने आगे निर्देश दिया, 'दूसरे प्रतिवादी को इसलिए टीकाकरण के बाद के प्रभावों के कारण मृत्यु के मामलों की पहचान करने और पीडित के आश्रितों को मुआवजा देने के लिए नीति या दिशानिर्देश तैयार करने के लिए





काम के लिए एक नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। जस्टिस वी जी अरुण ने एमडीएमए को जितनी जल्दी हो सके इस काम को करने का निर्देश जारी किया है। यह निर्देश तब जारी किया गया, जब जस्टिस अरुण ने कहा कि उनके सामने 3 ऐसे मामले आए हैं, जिसमें दावा किया गया कि एक व्यक्ति जो वैक्सीन लगवाया था, उसने टीकाकरण के बाद दम तोड़ दिया। अदालत ने कहा, 'भले ही संख्या बहुत कम हो लेकिन ऐसे उदाहरण हैं, जहां लोगों ने टीकाकरण के बाद के प्रभाव के कारण दम तोड़ दिया है। ऐसी परिस्थितियों मेंऔर स्वास्थ्य मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए बाध्य किया जाता है। ताकि ऐसे मामलों की पहचान करने में मदद और पीडित के निर्देशित किया जाता है। इस संबंध में आवश्यक होगा तीन महीने के भीतर या जितनी जल्दी हो सके और हर हाल में तैयार किया जाना चाहिए।' अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि रिकार्ड पर मौजूद दस्तावेज में पहली नजर में पता चलता है कि याचिकाकर्ता के पति की मृत्यु टीकाकरण के बाद हुई थी। यह आदेश तब आया जब केंद्र ने अदालत को सूचित किया कि अभी तक ऐसी कोई नीति नहीं बनाई गई है। न्यायालय एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें प्रतिवादियों (केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों) को महिला और उसके बच्चों को मुआवजा राशि देने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

## देश के हवाई अड्डों पर कम होगी सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मियों की संख्या

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में लगभग 1.63 लाख करमियों वाले मजबूत ण्घ्इ के राष्ट्रीय विमानन सुरक्षा बल में 3 हजार से अधिक पदों को समाप्त कर दिया गया है। भारतीय हवाई अड्डों पर असंवेदनशील काम के लिए इन पदों की नियुक्ति के स्थान पर अब हाइटेक सुरक्षा निगरानी वाली मशीनों और निजी सुरक्षा करमियों द्वारा काम लिया जाएगा। समाचार एजेंसी पीटीआइ के अनुसार, 2018-19 में शुरू हुई यह कार्य योजना नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ-साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन और गृह मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से 50 नागरिक हवाई अड्डे समेत पूरे देश में लागू की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के अनुसार, विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस द्वारा तैयार किया गया खाका कुल 3,049 सीआईएसएफ विमानन सुरक्षा पदों को समाप्त करेगा, जिनके स्थान पर 1,924 निजी सुरक्षा करमियों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा और सीसीटीवी कैमरों और बैगेज स्कैनर जैसी स्मार्ट निगरानी तकनीक को प्रयोग में लाया जाएगा। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि नए सुरक्षा ढांचे से विमानन क्षेत्र में 1,900 से अधिक नौकरियों का सृजन होता है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि निजी सुरक्षा करमियों को दिल्ली, मुंबई और अन्य हवाई अड्डों पर गैर-संवेदनशील ड्यूटी के लिए तैनात किया जा रहा है। इन ड्यूटी में जैसे कतार प्रबंधन, एयरलाइंस के करमचारियों और यात्रियों को सुरक्षा सहायता और टर्मिनल क्षेत्र के भीतर कुछ प्रवेश और निकास बिंदुओं पर काम करना शामिल है। अधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि हवाई अड्डे पर यात्रियोंप्रवेश के समय उनकी जानकारी की जांच, यात्रियों की तलाशी, सेकेंडरी लैडर प्वाइंट जांच और हवाई अड्डों को आतंकवाद रोधी कवर मुहैया कराने के मुख्य कार्य को जारी रखेगा। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में 65 नागरिक हवाई अड्डों की सुरक्षा के लिए तैनात विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के 33,000 पदों में से कुल 3,049 पद समाप्त किए गए हैं।

## संसद के दोनों सदनों में घट रहा वकीलों का प्रतिशत

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नागपुर।** भारत के मुख्य न्यायधीश यूयू ललित ने रविवार को कहा कि संसद में वकीलों का प्रतिशत घट रहा है, जबकि देश के संविधान से जुड़े अधिकांश संस्थापक कानूनी पेशे से हैं। वे यहां महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित एक सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संविधान के प्रारूपण में भागीदारी निभाने वाले अतीत के महान नेताओं, जो वकील थे, को याद करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों में वकीलों का प्रतिशत घट रहा है।

## एक छात्रा की मां ने अपने सहपाठी को जहर देकर मार डाला

### वजह जानकर हो जाएंगे हैरान

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**पुडुचेरी।** एजेंसी एक चौंकाने वाली घटना में आठवीं कक्षा की एक छात्रा की मां ने अपने सहपाठी को जहर देकर मार डाला, जिसने परीक्षा में टाप किया था। यह घटना पुडुचेरी के कराइकाल में हुई। कराइकाल



में स्ट्लाइट इंग्लिश स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ पढ़ने वाली एक लड़की की मां ने जहरीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर छात्र की जान ले ली। लड़की की मां ने स्कूल के वाचमैन के माध्यम से कोल्ड ड्रिंक पिलाया। आरोपित महिला गिरफ्तार कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, यह पढ़ाई में प्रतिस्पर्धा का मामला लग रहा है। छात्र बाला मणिकंदन के पिता राजेंद्रन कराइकाल में एक फेयर प्राइस शाप में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा शनिवार सुबह स्कूल में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में भाग लेने गया था। दोपहर में घर लौटने के बाद बाला उल्टी करने लगा। अपने माता-पिता को उसने बताया कि स्कूल में वाचमैन ने उसे कोल्ड ड्रिंक दिया और तभी से उल्टी हो रही है। तुरंत ही बाला को कराइकाल सरकारी अस्पताल में भरती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक बालामणिकंदन नेहरू नगर, कराईक्कल के एक निजी स्कूल में कक्षा 8 का छात्र था और उसने कक्षा में टाप किया था। पुलिस ने उसके सहपाठी की मां विक्टोरिया सहयारानी को गिरफ्तार किया है। कराइकल पुलिस के मुताबिक, महिला को बालमणिकंदन से जलन होती थी, जिसने अपनी बेटी को दूसरे स्थान पर धकेलते हुए कक्षा में टाप किया था। स्कूल ने बताया कि उन्होंने बाला के लिए जो कोल्ड ड्रिंक भेजा था, वही दिया गया। माता-पिता ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे के लिए कोल्ड ड्रिंक नहीं भेजा था। माता-पिता ने वाचमैन देवधास से पूछताछ की तो उसने बताया कि बाला की रिश्तेदार होने का दावा करने वाली महिला ने उसे कोल्ड ड्रिंक दिया था। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि कोल्ड ड्रिंक देने वाली महिला सकाया रानी विक्टोरिया थी। सकाया की बेटी भी उसी कक्षा की छात्रा है। बाला की मां ने कराइकाल सिटी थाने में शिकायत देकर सकाया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि शराब में जहर मिला हुआ था और जानबूझकर बालामणिगंदन को मारने के लिए दिया गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने विक्टोरिया सहयारानी को गिरफ्तार कर लिया और उसने पुलिस को बताया कि वह बालामणिगंदन से ईर्ष्या करती है जो नियमित रूप से टापर बन जाता था, जबकि उसकी बेटी केवल दूसरे स्थान पर पहुंच पाती है। विक्टोरिया सहयारानी को न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई ३४२ शिकायतें, ०८का त्वरित निस्तारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में आयोजित किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुना गया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 342 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 08 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 342 शिकायतों में से 97 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 94, विकास विभाग से 49, समाज कल्याण विभाग से 35, बेसिक शिक्षा विभाग से 04 एवं 63 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों की शिकायतों को सहुलियत देते हुये बिना लाइन के उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण का निर्देश दिया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने विभिनन्न मामलों से सम्बन्धित एक-एक कर फरियादियों के समस्याओं को सुनते हुये सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि शिकायतों के मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्यवाही आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनो पक्षों की पूरी बात को अवश्य सुने क्योंकि शिकायतकर्ताओं/फरियादियों की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का मुख्य लक्ष्य है। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। उन्होने यह भी अधिकारियां को निर्देशित किया कि शिकायकर्ताओं को बेवजह परेशान न किया जाये, जो भी शिकायतकर्ता अपनी समस्या लेकर आये, उनकी शिकायत को गम्भीरता के साथ सुना जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी जीएम शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0सी0 शर्मा, उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश चन्द्र त्रिपाठी उपजिलाधिकारी लालगंज सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सीएमओ, पीडी, उपजिलाधिकारी कुण्डा सतीश चन्द्र त्रिपाठी, तहसीलदार मनोज सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती हाईटेक सिटी में 1000 करोड़ के निवेश से जल्द ही होगा उद्योग का श्री गणेश

**पेप्सी कम्पनी सरस्वती हाईटेक सिटी में स्थापित करने जा रही है अपना प्लांट**

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** 3000 से अधिक लोगों को पेप्सी प्लांट के जरिये मिलेगा रोजगार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर वरूण बेवरेजेज नैनी में करने जा रही 1000 करोड़ का निवेश नैनी औद्योगिक क्षेत्र और रोजगार की तलाश में भटक रहे युवाओं के लिए शुभ समाचार है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा 2015 में आधारशिला रखने के बाद जिस सरस्वती हाईटेक सिटी में अभी तक एक भी इंडस्ट्री नहीं लग सकी है, उस सरस्वती हाईटेक सिटी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के पहल पर वरूण बेवरेजेज यानी पेप्सी कम्पनी 1000 करोड़ रूपए का निवेश करने जा रही है। जिसकी तैयारी करीब-करीब पूरी हो गई है। जल्द ही वरूण बेवरेजेज पेप्सी कम्पनी को अलॉटमेंट लेटर दिया जाएगा, वहीं अलाटमेंट लेटर मिलते ही कम्पनी द्वारा भूमि पूजन कर प्लांट की स्थापना का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार 2.0 में प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की जिम्मेदारी मिलते ही प्रयागराजवासियों को उम्मीद की किरण दिखी थी कि उद्योग विहीन हो रहे नैनी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों को गति मिलेगी। बाहरी कम्पनियों के आगमन और भारी निवेश से बेरोजगारी दूर होगी और मां लक्ष्मी की कृपा प्रयागराज पर बरसेगी। प्रयागराजवासियों के उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरते हुए योगी सरकार की पहल पर पेप्सी कम्पनी सरस्वती हाईटेक सिटी में अपना प्लांट स्थापित करने जा रही है। प्रयागराजवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से जो उम्मीद लगाई थी वह सरकार गठन के 6 महीने के अंदर ही असर दिखाएगी, ऐसा किसी ने नहीं सोचा था। योगी सरकार के द्वितीय कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक निवेश को तेज गति देने के लिए 100 दिन के अंदर ही तीन जून को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-3 का आयोजन किया गया गया, जिसमें देश के दिग्गज उद्यमी शामिल हुए और 80 हजार 224 करोड़ रूपए के निवेश की आधारशिला रखी गई। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में ही वरूण ब्रवरेजेज यानी पेप्सी कम्पनी द्वारा मुख्यमंत्री से उत्तर प्रदेश में 2000 करोड़ रूपए के इनवेस्टमेंट का कमिटमेंट किया गया था। अपने कमिटमेंट को पूरा करते हुए वरूण बेवरेजेज ने चित्रकूट जनपद के मऊ तहसील के बरगढ़ क्षेत्र में 496.57 करोड रूपए का निवेश करते हुए प्लांट स्थापित करने के लिए आवेदन किया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय ने 15 दिन के अंदर वरूण बेवरेजेज को 68.73 एकड़ भूमि आवंटित कर दिया। चित्रकूट के बरगढ़ में पेप्सी कम्पनी का प्लांट स्थापित होने से 1200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।



# जनप्रतिनिधियों के साथ माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** 3 सितंबर प्रयागराज,माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में 30 प्र0 सरकार में निवर्तमान के विकास से संबंधित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी देते बताया कि बैठक में अधिकारियों



कैबिनेट मंत्री मा0 श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी, मा0 सांसद गण तथा मा0 विधायक गण एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ जनपद प्रयागराज के गांव-गरीब को आवास, शौचालय, मनरेगा जॉब कार्ड, ग्रामीण सड़कें आदि योजनाओं के लक्ष्य को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# रोजगार मेले में 114 बेरोजगारों का हुआ चयन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस प्रकार से रोजगार मेले में कुल 114 बेरोजगार अभ्यथियों का चयन किया गया। मेले से पूर्व आई




200 से अधिक अभ्यथियों ने प्रतिभाग किया। मेले में निजी क्षेत्र की ब्राइट फ्यूचर्स आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड, हुण्डई मैनपावर सर्विसेज तथा अयूर हर्बल्स मैनपावर सर्विसेज कम्पनियों द्वारा रिक्त विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्रतिभाग किया। ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हार्बल लिमिटेड द्वारा ब्लॉक हेड/अन्य पद हेतु 33 अभ्यथियों, अयूर हर्बल्स मैनपावर सर्विसेज द्वारा 37 अभ्यथियों तथा हुण्डई मैनपावर सर्विसेज द्वारा 44 कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों की प्री प्लेसमेन्ट कैरियर काउसलिंग भी की गई जहां उन्हें निजी क्षेत्रों में उपलब्ध सम्भावनाओं से अवगत कराया गया। मेले में आरसेटी द्वारा प्रतिभाग करते संस्थान में संचालित कोर्सेज की जानकारी दी गई, साथ ही वित्तीय साक्षरता शिविर भी आयोजित किया गया। इस दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर व स्टाफ शुभम श्रीवास्तव, तौहीद अहमद आदि मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति व पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने हेतु एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** को हंडिया ब्लॉक के झिरीहरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में पंचायती राज संस्थान, ग्राम बाल संरक्षण



समिति व स्कूल प्रबंधन समिति को सशक्त बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण बैठक आयोजित किया गया। यूनिसेफ के सहयोग से एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा संचालित नई पहल परियोजना को लेकर बाल संरक्षण के मुद्दों जैसे की बाल श्रम, बाल विवाह व बाल हिंसा पर परिचर्चा की गयी। एक्शन एड एसोसिएशन के प्रयागराज समन्वयक व बाल संरक्षण सलाहकार रवि कुमार ने विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों व बाल संरक्षण समिति के दायित्वों को अवगत कराते हुए ग्राम सभा के बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था को सुगम बनाने की व सुरक्षित माहौल बनाने की बात की साथ ही बच्चों के अधिकारों, पॉस्को एक्ट, आरटीआई एक्ट, जेजे एक्ट व अन्य कानूनों की जानकारी देकर लोगों से संकल्प लिया की अपने परिवार या अपने आस पड़ोस में बाल हिंसा, बाल श्रम व बाल विवाह नहीं होने देंगे और उसको रोकने में पूरी मदद करेंगे, यूनिसेफ तकनीकि रिसोर्स पर्सन शिवम त्रिपाठी ने बैठक में आर्थिक अभाव या अन्य समस्याओं के कारण बच्चे शिक्षा से नहीं जुड़ पा रहे हैं या बाल श्रम कर रहे हैं तो उसको श्रम विभाग व महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित कराते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की बात कही। ग्राम विकास अधिकारी हंडिया विकास खंड मनोज कुमार ने बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठक सुनिश्चित कराने व गांव में बाल संरक्षण को लेकर एक सुगम वातावरण बनाने की बात कही। एक्शन एड से रवि कुमार ने बताया इसके अतिरिक्त प्रत्येक गांव में किशोरियों का समूह बनाकर बाल संरक्षण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज के इस कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार, यूनिसेफ तकनीकि रिसोर्स पर्सन शिवम त्रिपाठी, एक्शन एड प्रयागराज समन्वयक रवि कुमार, झिरीहरी ग्राम प्रधान रुपधर बिन्द, उमरी प्रधान हिन्द लाल बिन्द, विद्यालय प्रधानाध्यापक राममूर्ति सरोज, कुराकाट विद्यालय प्रधानाध्यापक केडी कुशवाहा, पंचायत सहायक रिंकी, प्रतिभा भारतीया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम समेत समस्त आंगनबाड़ी,आशा, एएनएम, समेत गांव के अभिभावक व किशोर व किशोरियों ने प्रतिभाग किया।

# नगर निगम द्वारा संचालित करैली क्षेत्र में कांजी हाउस के पास पशुपालकों के साथ समाजवादी नेता संदीप यादव द्वारा धरना प्रदर्शन जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** धरना प्रदर्शन के दौरान पशुपालक के द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास भी किया गया जिसे मौके पर मौजूद पुलिस ने रोका प्रदर्शन के बीच अज्ञात युवक द्वारा कांजी हाउस के दरवाजे में लगे ताले को भी तोड़ा गया पशुपालकों को न्याय दिलाने के लिए सपा नेता संदीप यादव धरने पर बैठे मौके पर पहुंचे नगर निगम के पशु अधिकारी ने कहा कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है जानवर नीलाम करने के लिए हमें कहा गया धरने पर बैठे पशुपालक और सपा नेता संदीप यादव ने कहा जब तक हमारे जानवर छोड़े नहीं जाएंगे तब तक हम धरने पर बैठे रहेंगे प्रयागराज पशुपालकों ने आरोप लगाया नगर निगम के ऊपर नगर निगम द्वारा जबरन खुटे से बंधे भैंसों को लाकर कांजी हाउस में रखा गया है। पशुपालकों ने विरोध दर्ज करते हुए कहा नगर निगम का तुगलकी फरमान वापस हो और हमारे जानवर को नीलाम करने की बात ना कर हमारे जानवरों को छोड़ें।



# होटल में लगी भीषण आग




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** लखनऊ के हजरतगंज में लेवाना होटल में लगी भीषण आग दमकल की कई गाडियां मौके पर मौजूद कई लोगों के फंसे होने की खबर दमकल के कर्मचारी सभी को निकालने में लगे हुए हैं
आधुनिक समाचार प्रयागराज।

# प्रयागराज में सिंगल डोर स्टेप डिलेवरी फ्लाप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सरकारी राशन वितरण के लिए कोटेदारों को परेशान न होना पड़े, इसके लिए सिंगल डोर स्टेप डिलेवरी की सुविधा शुरू की गई है। हालांकि ठेकेदारों की मनमानी से यह व्यवस्था शुरू होते ही फ्लाप होने लगी है। आइए जानें कि ठेकेदार क्या मनमानी कर रहे हैं और कोटेदार क्यों परेशान हो रहे हैं। ठेकेदार क्या कर रहे मनमानी : ठेकेदारों की मनमानी से सरकारी राशन की दुकान पर समय से राशन नहीं पहुंच रहा है। ठेकेदार दुकान से लगभग तीन से चार किलोमीटर की दूरी पर राशन उतर दे रहे हैं। ठेकेदारों की मनमानी के कारण कोटेदारों में आक्रोश बढ़ने लगा है।सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ के महामंत्री ने जताया आक्रोश : सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ में महामंत्री शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि ठेकेदार राशन पहुंचाने में मनमानी कर रहे हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी को भी सूचना दिया है लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रयागराज में 10.59 लाख राशन कार्ड धारक : जिले में 10.59 लाख लोगों को राशन का वितरण किया जाता है। इसके लिए 2200 कोटेदारों का चयन किया गया है। राशन कार्ड में 45 लाख यूनिट शामिल है। 150 लाख कुंतल राशन का वितरण प्रतिमाह किया जाता है। क्या कहते हैं जिला आपूर्ति अधिकारी : जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह कहते हैं कि सिंगल सिंगल डोर स्टेप डिलेवरी की सुविधा कोटेदारों के लिए शुरू की गई है। कई स्थानों से ठेकेदारों के खिलाफ मनमानी की शिकायत आ रही है। जांच कराकर ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।





# मंडलीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गाजीपुर बना चैंपियन

## मंडलीय ताईक्वांडो में गाजीपुर ने 25 स्वर्ण पदक पर किया कब्जा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**गाजीपुर ।** जिले के बरबराना स्थित एम.ए.एच. इंटर कॉलेज में 2 दिवशीय मंडलीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का समापन सनिवार निर्णायक मण्डल में मेजबान गाजीपुर से अब्दुल मलिक खांन, शुभम मिश्रा, मिर्जापुर से अफसर खांन, रायबरेली से अमित श्रीवास्तव, वाराणसी से अरशद रजा व चंदौली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी । समापन समारोह के अवसर पर मंडलीय क्रीड़ा सचिव गोपाल प्रसाद , मनोविज्ञान प्रवक्ता मुहम्मद कमरुद्दीन , इतिहाश प्रवक्ता मुहम्मद



देर सांम तक हुवा । माध्यमिक शिक्षा विभाग की मण्डल क्रीड़ा समिति के तत्वाधान में आयोजित उक्त ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गाजीपुर की बालिका टीम ने 7 तो बालकों ने 18 कुल 25 स्वर्ण पदक जीत कर मण्डल में प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता का तकनीकी निदेशक गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि से दिलीप कुमार गुप्ता सम्लित थें । प्रतियोगिता संयोजक शाहजहां खांन ने बताया कि प्रतियोगिता में गाजीपुर की टीम को प्रथम स्थान प्राप्त हुवा , चंदौली द्वितीय तो वाराणसी तृतीय स्थान पर रही , जौनपुर की टीम को चतुर्थ स्थान से संतोष करना पड़ा । जिला क्रीड़ा सचिव विजय शंकर राय ने बताया कि मंडल की टीम आगरा में 10 से 12 सितंबर तक प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडो जमील खांन, हिंदी प्रवक्ता शम्स तबरेज खांन, ब्यायाम शिक्षक आकाश सिंह, संजीव सिंह, चंदौली टीम प्रबंधक वंशराज जी, अरुण कुमार, वाराणसी टीम मैनेजर विमल राव, गाजीपुर टीम प्रशिक्षक बिपूज कुशवाहा, ओमप्रकाश गुप्ता, ए.के.नेशनल इंटर कॉलेज औड़िहार के बबलू पाल, जौनपुर टीम प्रबंधक अंकित सिंह व कोच आशुतोष सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थें ।

# पूर्वात्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने डीआरएम संग विकास कार्यों का गहन निरीक्षण कर प्रगती का किया समीक्षा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**वाराणसी।**पूर्वोत्तर महाप्रबन्धक अशोक कुमार मिश्र ने आज रविवार को मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय के संग व मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चन्द्रा के साथ निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज रामबाग-बनारस के निरीक्षण हेतु पूर्वाह्न प्रयागराज रामबाग पहुँचे।इस निरीक्षण के दौरान रेल खण्ड पर गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने के प्रयोग हेतु महाप्रबंधक ने अपनी स्पेशल ट्रेन से ज्ञानपुर रोड से बनारस तक 120 किमी घंटा गति से स्पीड ट्रायल किया । इस दौरान महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे अशोक कुमार मिश्र ने प्रयागराज रामबाग-बनारस के निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले उन्होंने प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दोहरीकरण हेतु यार्ड



रिमॉडलिंग,प्लेटफार्मों के सुधार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग प्लान,गार्ड लोको रनिंग रुम व स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। तदुपरान्त वे अपनी निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से रेलवे ट्रैक का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए झूँसी स्टेशन पहुँचे और झूँसी रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकृत दोहरी लाइन के निर्माण हेतु यार्ड रिमॉडलिंग,प्लेटफार्मों के उनन्यन एवं विस्तार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग प्लान के अनुरूप स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगती की समीक्षा की तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का निरीक्षण कर सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया।महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे श्री अशोक कुमार मिश्र ने प्रयागराज रामबाग-बनारस के निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले उन्होंने प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दोहरीकरण हेतु यार्ड रिमॉडलिंग ,प्लेटफार्मों के सुधार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग प्लान, गार्ड लोको रनिंग रुम तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।तदुपरान्त वे अपनी निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से रेलवे ट्रैक का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए झूँसी स्टेशन पहुँचे और झूँसी रेलवे स्टेशन पर विद्युतीकृत दोहरी लाइन के निर्माण हेतु यार्ड रिमॉडलिंग,प्लेटफार्मों के उनन्यन एवं विस्तार कार्य,पैदल उपरिगामी पुल, रिमाडलिंग प्लान के अनुरूप स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगती की समीक्षा की तथा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाओं का निरीक्षण कर सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया। इसके उपरान्त महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे मिश्र निरीक्षण के क्रम में प्रयागराज रामबाग-बनारस रेल खण्ड पर झूँसी एवं रामनाथपुर के मध्य किमी 315 से 317 तक कर्वेचर संख्या 11 के इन्डेन्ट का निरीक्षण समेत ट्रैक एवं बैलास्ट का परीक्षण किया और संबंधित को निर्देश दिया । इसके बाद उन्होंने रामनाथपुर एवं हँड़िया के मध्य किमी सं 305/1 पर स्थित समपार फटक संख्या 60 स्पेशल का संरक्षा निरीक्षण किया और बूम लॉकिंग से लेकर चाभियों के आदान-प्रदान तक कार्यप्रणाली में नियमों का पालन सुनिश्चित किया। इसके पश्चात महाप्रबंधक अपने निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से रेलवे ट्रैक का विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए हँड़िया खास रेलवे स्टेशन पहुँचे और स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म, वाटर बूथ,स्टेशन पैनल,बुकिंग काउंटर, स्टेशन भवन एवं सर्कुलेटिंगएरिया एवं यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई एवं रख-रखाव के संबंध में निर्देश दिया।इसी क्रम में महाप्रबंधक विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए ज्ञानपुर रोड स्टेशन पहुँचे जहाँ उन्होंने प्लेटफार्म सं-1,3 एवं 04,वाटर बूथ,स्टेशन पैनल,यात्री आरक्षण काउंटर,स्टेशन भवन एवं सर्कुलेटिंग एरिया एवं यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई के विषय में सम्बंधित को निर्देश दिया।अपने निरीक्षण के दौरान श्री मिश्र ने पारिचलनिक सुगमता व रेलवे नेटवर्क की आधारभूत संरचना के विकास की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण दोहरीकरण प्रोजेक्ट पर, रेल विकास निगम लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों को इसे निर्धारित समय सीमा मे गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे प्रयागराज रामबाग-बनारस रेल खण्ड पर ट्रेनों की परिचालनिक क्षमता वृद्धि तथा समय पालन में सुधार लाया जा सके।निरीक्षण के इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक डी0के0सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर सी0पी0 गुप्ता, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ए0के0 शुक्ला, प्रमुख मुख्य सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर अनिल कुमार मिश्रा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक संजय त्रिपाठी,प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक संजय मिश्रा, मुख्य विद्युत लोको इंजीनियर अनुराग कुमार गुप्ता, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह,अपर मंडल रेल प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव समेत प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे।ज्ञातव्य हो की बनारस से हंडिया खास खंड को पहले ही चालू कर दिया गया है और हंडिया खास से रामनाथपुर तक के खंड की कुल लंबाई 18.3 किमी है जिसके निरीक्षण एवं ओपनिंग के उपरांत बनारस-प्रयागराज रामबाग के मध्य 121 कि0मी0 रेल खण्ड पर चल रही दोहरीकरण सह विद्युतीकरण परियोजना के अंतर्गत बनारस से रामनाथपुर 114 कि0मी0का दोहरीकरण सहविद्युतीकरण कार्य सम्पनन हो गया है, शेष रेल खण्ड का कार्य गंगा नदी के मेजर ब्रिज के निर्माण के साथ प्रगति पर है।प्रयागराज रामबाग के निकट गंगा नदी पर मौजूदा रेलवे पुल से दारागंज छोर पर 178 मीटर डाउनस्ट्रीम और झूसी छोर पर 41 मीटर डाउनस्ट्रीम में नए रेल ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है । गंगा नदी पर बन रहे इस पुल के दोनों ओर फुटपाथ और ट्रैक के बीच में गैंग वे के साथ दो बीजी रेल पटरियों को लगाया जा रहा है । इस पुल की कुल लंबाई 1934.40 मीटर होगी जिसमें 80.6 मीटर के 24 स्पैम होंगे। मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार निरीक्षण के अंत में इस रेल खण्ड पर गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने के प्रयोग हेतु महाप्रबंधक ने अपनी स्पेशल ट्रेन से ज्ञानपुर रोड से बनारस तक 120 किमी घंटा गति से स्पीड ट्रायल किया ।

# थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा 01 अभियुक गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध देशी पिस्टल.32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस. 32 बोर बरामद

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद प्रयागराज के निदेशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहें अभियान के क्रम श्रीमान् पुलिस




अधीक्षक यमुनापर व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र के नेतृत्व मे उ0नि0 बलिराम कुमार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मसिका तिराहे के पास थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से अभियुक सुधीर कुमार पजापति पुत्र गंगा पसाद निवासी रेही कला थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 अदद अवैध देशी पिस्टल 32 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किया गया यिा गाया उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना औद्योगिक क्षेत्र मे मु0अ0सं0 250/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी

**गिरफ्तार अभियोगः-** मु0अ0सं0 250/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज

**आपराधिक इतिहासः-** मु0अ0सं0 242/20 धारा 136 भारतीय विद्युत अधिनियम थाना औद्योगिक क्षेत्र

**बरामदगी विवरणः-** 1. 01 अदद देशी पिस्टल .032 बोर , 01 अदद जिंदा कारतूस .32बोर

पुलिस टीम का विवरणः- उ0नि0 बलिराम कुमार, उ0नि0 निखिलेश तिवारी, का0 पंचदेव यादव,
का0 कृष्णपाल थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद प्रयागराज

# 2024 का लोकसभा चुनाव चेहरा नहीं मुद्दा होगा महत्त्वपूर्ण, वाराणसी में बोलीं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**वाराणसी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि देश में दो सबसे ज्वलंत मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी हैं, जिससे सरकार सदन में इस सवाल का जवाब देने से कतरा रही है। 2024 का चुनाव विलक्षण होगा। इसमें भाजपा का अहंकार चूर होगा। चेहरे से ज्यादा मुद्दा महत्वपूर्ण होगा शिक्षक दिवस पर शिक्षक समाज से भी वर्तमान में सच को झुठलाने के प्रयासों को अपने संस्थानों में हावी न होने देने का आग्रह किया। वे सोमवार को होटल सिध्दार्थ सिगरा में सात सितम्बर 2022 से 'कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी' तक आरम्भ होने वाली भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में मीडिया को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि सरकार उन मुद्दों से मुंह छिपा रही है जिससे देश की जनता कराह रही है। पेट्रोल, डीजल, कागज, कपड़े, कलम, दूध, दही जैसे आम आदमी की चीजों के दाम बढ़ाकर सरकार ने कमर तोड़ दी है। सुप्रिया श्रीनेत ने इसे फिल्म पीपली लाइव के एक गाने के बोल सखी सईया तो नहीं कमात



हैं महंगाई डायन खाय जात है से आज की महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भारत जोड़ो यात्रा की जानकारी देते हुए कहा की यह कन्या कुमारी से कश्मीर तक 3500 किमी की यात्रा है। इसमें सभी विचारों के लोगों को शामिल होना है। यह यात्रा देश को जोड़ने वाली है। इस यात्रा के जरिए देश को तोड़ने वाली विचारधारा या उन प्रयासों को विफल किया जाएगा। बढ़ते तनाव के माहौल को कम किया जाएगा। सरकार ने अमीरों और गरीबों की खाई को बढ़ाया जिसे इस यात्रा के जरिए पाटा जायेगा। सामाजिक ताना बाना ध्वस्त हुआ है। बोट की गंदी राजनीति के खिलाफ यह यात्रा है। बताया की यह यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र प्रशासित राज्यों से होकर गुजरेगी। 150 दिन लोग लगातार चलते रहेंगे। इसमें तीन प्रकार के यात्री होंगे पहला भारत यात्री, दूसरा प्रदेश यात्री और तीसरा अतिथि यात्री होंगे। 118 लोग लगातार इस यात्रा का हिस्सा बने रहेंगे राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बताया की इस यात्रा में शामिल होने के लिए कोई भी व्यक्ति भारत जोड़ो यात्रा डॉट इन पर पंजीकरण करा सकता है। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 9999980200 पर मिस्ड काल करके यात्रा से जुड़ सकता है। अभी तक 40,000 लोग पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें पूर्व मंत्री अजय राय, प्रदेश प्रवक्ता संजीव सिंह, नृपेंद्र नारायण सिंह मौजूद थे।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

**प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।**

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 सितंबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपलबध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः— 7518828710, , 9415608710, 6386474074, 9415608790

## पट्टा करवाने की मांग को लेकर सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन


**(आधुनिक मसाचार सेवा)**


**सोनभद्र।** स्थानीय डाला नगर पंचायत के धौठा टोला में 25 वर्षों से आबाद लोगों का पट्टा करवाने की मांग को लेकर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन डाला नगर पंचायत के धौठा टोला में लगभग 25 वर्षों से अपना घर बनाकर निवास करने वाले भूमिहीन परिवारों को भूखंड पर पट्टा दिलाने की मांग को लेकर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने सदर विधायक भूपेश चौबे को ज्ञापन सौंपा । विधायक ने अवलोकन करने के बाद सोमवार को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नियमानुसार भूखंड पट्टा देने के लिए कहा है । विधायक को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि ढौठा टोला में सभी वर्ग के करीब ढाई सौ परिवार अपने स्थाई मकान में 25 वर्षों से निवास कर रहे हैं जिसमें सफाई कर्मी भी शामिल हैं । सभी दैनिक मजदूरी करके जीविकोपार्जन कर रहे हैं । वहां के लोगों के पास आधार निर्वाचन राशन कार्ड बिजली बिल सड़क हैंडपंप आदि सरकारी सुविधाओं समेत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है । उन्हें आज तक भूखंड का पट्टा नहीं मिला । और सभी परिवार भूमिहीन हैं जिसके वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सदर विधायक चौबे द्वारा डीएम को पत्र भेजकर ढौठा टोला में निवास कर रहे लोगों को भूखंड का पट्टा नियमानुसार दिलाने के लिए निर्देशित किया ।

## ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर महिला सहित तीन की मौत


**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के चोर पनिया में ट्रक व बाइक की आमने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार महिला सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात्रि लगभग ग्यारह बजे चोपन थाना क्षेत्र के चोर पनिया वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर डाला के तरफ से आ रही ट्रक से विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवारों आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें यातायात बहाल करवाया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत व डाला चौकी इंचार्ज सुरेशचन्द्र द्विवेदी ने तीनों शवो को एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजवा दिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार सड़क दुघर्टना में मजमुद्दीन अंसारी उम्र लगभग 25 वर्ष व इस्ताक अंसारी उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र इसरायल अंसारी निवासी पतिहारी विशुनपुर जिला गढ़वा एवं महिला गुलाबी उम्र लगभग 28 वर्ष पतने छोटूराम









दो व्यक्ति व एक महिला समेत कुल तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई इस दौरान गश्त पर जिले के रोस्टर प्रभारी संजय कुमार राय ने सड़क पर पड़े तीनों शव को सड़क के किनारे करवाया व निवासी ललमरीया जुगैल की शिनाख्त में बताया गया हैं। ट्रक चालक घटना स्थल से फरार हो गया। इस संबंध में चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि जांच प्रक्रिया चल रही हैं।

## नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड एन0सी0एल0मे प्रयुक्त होने वाले डीजल कि चोरी एवं तस्करी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

### गैग सरगना सहित 6लोगो कि एसटीएफ ने किया गिरफतार

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड (एन0सी0एल0) में प्रयुक्त होने वाले डीजल की चोरी/तस्करी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुये 12000 लीटर डीजल (अनुमानित मूल्य लगभग 1080000/-रूपये) एवं चोरी के डीजल बेचने से प्राप्त रूपये 829500/-नगद बरामद करते हुये गैंग सरगना पुष्पराज यादव सहित कुल 06 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्ततगण का विवरण निमन्वत है - **गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-** 1-पुष्पराज यादव पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी गधियॉव, थाना करछना, जनपद प्रयागराज (सरगना) 2-मुर्तजा खान पुत्र मो0 उमर निवासी परगासपुर, थाना कन्धई हनुमानगंज, जनपद प्रतापगढ (ट्रान्सपोर्टर) 3-राजेश कुमार पुत्र दानबहादुर यादव निवासी घाटमपुर कटहरा, थाना हण्डिया, जनपद प्रयागराज। 4-मो0 मकमूल खान पुत्र मो0 अयूब निवासी कन्धई मधुपुर, थाना कन्धई हनुमानगंज, जनपद प्रतापगढ़ । 5-सलीम अहमद पुत्र मो0 इस्तेखार निवासी वार्ड नं0 39 बैढन सिंगरौली, मध्य प्रदेश । 6-अशोक कुमार यादव पुत्र रामदास यादव निवासी पिपरानाजी, थाना सलेमपुर, जनपद देवरिया । **बरामदगीः-** 1- तेल टैंकर-01 अदद (मय 12000 लीटर डीजल) 2- हुण्डई क्रेटा कार-01 अदद । 3- मारूती स्विफ्ट कार-01 अदद । 4- रूपये 8,29,500/-नगद (चोरी का डीजल बेचने से प्राप्त धनराशि) 5- मोबाइल फोन-10 अदद । **गिरफ्तारी का स्थान-** दुद्धी चुआ कोल परियोजना गेट, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र । नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड (एन0सी0एल0) में प्रयुक्त होने वाले डीजल की चोरी होने के संबंध में एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी को जांच प्राप्त हुई थी । उक्त प्रकरण की जांच हेतु निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी की टीम गठित की गयी थी जिनके द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी । अभिसूचना संकलन से ज्ञात हुआ कि एन0सी0एल0 की परियोजनाओं में आपूर्ति होने वाले डीजल की चोरी/तस्करी एन0सी0एल0 के कुछ कर्मचारियों एवं संगठित गिरोह के सदस्यों द्वारा आपसी मिलीभगत से की जा रही है । इसी क्रम में दिनांक 02-09-2022 को धरातलीय अभिसूचना संकलन हेतु एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी की टीम जनपद सोनभद्र में मौजूद थी कि विश्वस्त सूत्र द्वारा अवगत कराया गया कि डीजल चोरी/तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्यगण भारी मात्रा में डीजल बेचकर शेष बचे डीजल को लेकर थाना शक्तिनगर क्षेत्रान्तर्गत दुद्धी चुआ कोल परियोजना गेट के पास आने वाले हैं, यदि शीघ्रता की जाये तो पकडें जा सकते हैं । इस सूचना पर विश्वस्त सूत्रों द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंच कर अभियुक्तगण उपरोक्त की गिरफ्तारी कर उपरोक्त बरामदगी की गयी । **पूछताछ का विवरणः-** पूछताछ, छानबीन एवं अभिसूचना संकलन से पाया गया कि नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड की कई परियोजनायें जनपद सोनभद्र के आस-पास स्थित हैं, जिसमें से दुद्धीचुआ, खडिया, बीना व ककरी प्रमुख परियोजनायें हैं । इन परियोजनाओं में स्थापित मशीनों व वाहनों को चलाने हेतु डीजल की आपूर्ति इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आई0ओ0सी0एल0) मुगलसराय, जनपद चन्दौली से किया जाता है । डीजल की आपूर्ति टैंकरों के माध्यम से आवश्यकतानुसार विभिन्न एन0सी0एल0 परियोजनाओं में किया जाता है । उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पराज यादव ने पूछताछ के दौरान बताया कि आई0ओ0सी0एल0 मुगलसराय से तेल टैंकर एन0सी0एल0 के लिये आता है तो एन0सी0एल0 के कर्मचारियों की मिलीभगत से एन0सी0एल0 पहुंचने से पहले ही आस-पास के पहले से निश्चित कतिपय पेट्रोल पम्पों पर तेल को बेच दिया जाता है । इसके उपरान्त एन0सी0एल0 के कर्मचारीगण के सहयोग से जितनी मात्रा में आई0ओ0सी0एल0 मुगलसराय से तेल प्राप्त हुआ रहता है, उतनी ही मात्रा एन0सी0एल0 के संबंधित में रजिस्टर पर प्राप्त करा दिया जाता है । इसके एवज में एन0सी0एल0 के कर्मचारीगण को 34/-रूपये प्रति लीटर की दर से पैसा दे दिया जाता है । इस संगठित गिरोह में उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त मुर्तजा खान भी प्रमुख सहयोगी/सदस्य है, जिसका ट्रान्सपोर्ट का काम है। मुर्तजा खान ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसके पास लगभग 45 तेल टैंकर हैं, जिसमें से 14 तेल टैंकर इण्डियन ऑयल डिपो मुगलसराय में नेशनल ट्रान्सपोर्ट कैरियर के नाम से रजिस्टर्ड हैं, जिनसे एन0सी0एल0 में आपूर्ति की जाती है । उल्लेखनीय है कि बरामद तेल टैंकर के चालक सलीम अहमद द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि आई0ओ0सी0एल0 से 29000 लीटर डीजल लेकर चला था, जिसमें से 17000 लीटर डीजल भैरव सर्विस स्टेशन निगाही हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पम्प पर पुष्पराज यादव आदि के बताये अनुसार बेच कर शेष 12000 लीटर डीजल लेकर दुद्धी चुआ आया था, जहॉ पर उसे गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध जनपद सोनभद्र के थाना शक्तिनगर में मु0अ0सं0 126/2022 धारा 379/411/34 भादवि व 207 एम0वी0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है ।





## डाला सड़क दुर्घटना में दो गौवंशो की मौत जिम्मेदार कौन

### सोनभद्र दौरे के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गौ माता की पूजा कर अधिकारी को दिया था निर्देश

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**अभी बीते गुरुवार को सोनभद्र दौरे पर आए यूपी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका में स्थित गौशाला में जाकर गाय की पूजा की और अपने हाथों से फल व गुड़ खिलाया था। साथ ही वहां मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया था कि गौ सेवा में हो गई इससे पहले भी सड़क दुर्घटना में कई गायों की मौत हो चुकी है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि यदि ऐसे छुट्टा आवारा पशुओं के लिए गौवंश आश्रय स्थल बनाया गया है आखिर यह गाय सड़क पर कैसे बैठी या घूमती नजर आती हैं। आखिर यह किसकी जिम्मेदारी है कि उन्हें



कोई लापरवाही ना हो लेकिन दो दिन बाद ही डाला में सड़क दुर्घटना में दो गायों की मौत में एक बार फिर पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ा कर दिए। बताया जा रहा है कि बीती रात किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो गौवंशो की मौके पर मौत हो गई इस घटना में विशेष बात यह है कि जहां यह हादसा हुआ वहां से समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गौड़ का आवास काफी करीब है। यह कोई पहला मामला नहीं है कि जिले में सड़क दुर्घटना में गायों की मौत गौवंश आश्रम स्थल तक पहुंचाया जाए। किसी वीआईपी के दौरे समय प्रशासन भले ही सड़कों या कस्बों में आवारा पशुओं को हटा देती है लेकिन फिर अगले दिन अगले पल यह आवारा पशु सड़कों पर दिखाई देने लगते हैं ऐसे में जब तक जिम्मेदार लोगों की जिम्मेदारी तय नहीं होगी और लोगों के अंदर मानवता नहीं आएगी तब तक ऐसे बेजुबान पशु अक्सर हादसे के शिकार होते रहेंगे और हम सिर्फ गाय की पूजा वाहवाही लूटते रहेंगे।

## चोरों ने डंपर के दो बैटरी किए गायब

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**डाला सोनभद्र स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बाजार पीएनबी बैंक से लगभग सौ मीटर दूर पर खड़ी छः चक्का ट्रक की दो बैट्री चोरों ने उड़ाया बिती रात को डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बाजार पीएनबी बैंक से लगभग सौ मीटर दूर पर खड़ी छः चक्का ट्रक के दो बैट्री चोरों ने उड़ा ले ग जिसके बाद भुक्तभोगी शहनवाज शाह ने डाला चौकी में तहरीर दिया जिसके उपरांत डाला चौकी इंचार्ज सुरेशचंद्र द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे इस संबंध में चौकी इंचार्ज ने बताया कि भुक्तभोगी के तहरीर पर घटना स्थल का जांच किया गया जो भी इस जद में आएं आरोपीयों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।






## 9ग्राम हेरोइन के एवं 33,380रुपये एवं 11पीली धातु दो सफेद धातु सिक्के के साथ एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी



**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**सोनभद्र।**मादक पदार्थीं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा उरमौरा गांव से 01 नफर हेरोइन तस्कर ओमप्रकाश यादव पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद यादव निवासी ग्राम उरमौरा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के कब्जे से कुल 09 ग्राम हेरोइन, बिक्री के 33,380 रुपये व 01 अदद सोने का चैन, 02 अदद सोने का लाकेट, 04 अदद सोने का टप्स, 03 अदद सोने का पेंच, 01 अदद सोने का झुमका तथा 02 अदद चांदी का सिक्का (जिसकी कुल अनुमानित कीमत 02 लाख 30 हजार रुपये) बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0- 664/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तारी का विवरण** 01. ओमप्रकाश यादव पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद यादव निवासी ग्राम उरमौरा, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । **बरामदगी का विवरण-** 01. अभियुक्त के कब्जे से 09 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन ।02.एक अदद सोने का चैन 03.दो अदद सोने का लाकेट 04.चार अदद सोने का टप्स 05.तीन अदद सोने का पेंच 06.एक अदद सोने का झुमका 07.दो अदद चांदी का सिक्का 08. बिक्री के कुल 33,380 रुपये । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-** 1. उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सदर अस्पताल, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । 2. आरक्षी शिवचन्द पटेल, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र । 3. आरक्षी हरिओम यादव, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र ।

## मिर्जापुर समाचार

मिर्जापुर उपजिलाधिकारी विजय नारायण सिंह ने रविवार को मतदाता कार्ड को आधार नंबर से लिंक किए जाने के विशेष अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो बीएलओ, एक पर्यवेक्षक अनुपस्थित रहे। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को कार्रवाई के लिए पत्र लिखने के साथ ही पर्यवेक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी।

मिर्जापुर जिगना थाना अंतर्गत फर्जी डी0आई0जी0 गिरफ्तार बीती रात डी0आई0जी0 बनकर पुलिस अधीक्षक को फोन करके निलंबित करने की धमकी एवं गली-गलौझ करने वाले युवक को जिगना थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार।

मिर्जापुर अहरौरा क्षेत्र के पट्टी कला स्थित घर से शुक्रवार की सुबह ब्रश करके चाय पीने निकले एक व्यक्ति का शव रविवार को सुबह लखनिया दरी जलप्रपात से पहले झाडि़यों में पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पट्टीदारों पर जमीन संबंधी विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगाया। मौके पर फोरेंसिक टीम तथा डॉग स्क्वॉड भी जांच के लिए पहुंची। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन महेश सिंह अत्रि ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस तहरीर के आधार पर इस मामले की जांच में जुटी है।

मिर्जापुर देहात कोतवाली क्षेत्र के विंढम फाल जाने वाले मार्ग के पास रविवार को सुबह सोनभद्र से लौटते समय कार के टक्कर के टक्कर बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के परिजनों को सूचना देकर पुलिस के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर अस्पताल में हंगामा करने लगे। जिसके बाद पहुंचे देहात और शहर कोतवाल ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया।

यूपी के मिर्जापुर का टमाटर, मिर्च, कालीन, चीनी मिट्टी सहित अन्य उत्पाद अब आसानी से निर्यात हो सकेगा। निर्यात को बढ़ाया देने के लिए चुनार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित सरदार वल्लभ भाई पटेल निर्यात सुविधा केंद्र अब मूर्तरूप लेने जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल छह सितंबर को इस केंद्र की आधारशिला रखेंगी।

# पाकिस्तान के खिलाफ टूटा टीम इंडिया के लकी चार्म दीपक हुड्डा का अनोखा रिकॉर्ड

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए सुपर 4 के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान की जीत के साथ ही टीम इंडिया के लिए लकी चार्म माने जाने वाले मीडिल आॅर्डर बल्लेबाज दीपक हुड्डा का अनोखा रिकॉर्ड टूट गया। दुबई में खेले गए इस रोमांचक मैच में पाकिस्तान के सामने 182 रनों का लक्ष्य था जो उसने आखिरी ओवर की 5वीं गेंद पर 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद रिजवान ने सर्वाधिक 71 और मोहम्मद नवाज ने 42 रनों की पारी खेला इस मैच में पाकिस्तान की जीत के साथ ही दीपक हुड्डा के लगातार जीत का अनोखा रिकॉर्ड टूट गया है। इस मैच में हुड्डा को दिनेश कार्तिक के स्थान पर मौका मिला था। उन्होंने इस मैच में 14 गेंदों पर 16 रनों की छोटी से पारी खेली। जब से दीपक हुड्डा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया है तब से




लेकर इस मैच से पहले तक लगातार उन्हें जीत मिली थी। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद उनका यह रिकॉर्ड टूट गया। लगातार 17 जीत के बाद हुड्डा को पहली हार मिली है। हुड्डा ने इस साल फरवरी में अपना पहला टी20 मैच खेला था। तब से लेकर इस मैच से पहले तक वह 9 टी20 मैचों में टीम इंडिया का हिस्सा रहे और सभी में टीम को जीत मिली है। इसके अलावा टीम इंडिया ने 8 वनडे मैच खेले जिसमें दीपक हुड्डा टीम का हिस्सा थे और टीम को जीत मिली। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ उनका 10वां टी20 था जहां उन्हें पहली बार हार का सामना करना पड़ा। लगातार जीत दर्ज करने के मामले में हुड्डा नंबर वन पर हैं। दूसरे नंबर पर रोमानिया के खिलाड़ी सात्विक नादीगोटला हैं जिनके नाम लगातार 15 जीत है जबकि साउथ अफ्रीका के डेविड मिलर और रोमानिया के शांतनु वशिष्ठ के नाम लगातार 13 जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड है।

# सचिन, हरभजन, दिनेश कार्तिक ने हार के बाद कही यह बात

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान नें एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत को 5 विकेट से हरा दिया है। मोहम्मद रिजवान और मोहम्मद नवाज की पारी के आगे विराट कोहली की 60 रन की पारी नाकामयाब साबित हुई। मोहम्मद



रिजवान ने 71 रन की पारी खेली वहीं, मोहम्मद नवाज ने 42 रन की शानदार पारी खेली है। भारतीय टीम की हार पर पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने कहा, 'भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा एक रोलरकोस्टर जर्नी की तरह होती है। विराट कोहली, मोहम्मद नवाज और मोहम्मद रिजवान ने एक अच्छी पारी खेली।गौरतलब है कि अर्शदीप सिंह के बचाव में पूर्व भारतीय गेंदबाज हरभजन सिंह खड़े हुए। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'युवा अर्शदीप की आलोचना करना बंद करें। कोई जानबूझकर कैच नहीं छोड़ता..हमें अपने लड़कों पर गर्व है.. पाकिस्तान ने बेहतर खेला.. ऐसे लोगों पर शर्म आती है जो इस प्लेटफॉर्म पर सस्ती बातें कहकर हमारे ही लोगों को नीचा दिखाते हैं। अर्श गोल्ड की तरह है। युवाओं का आलोचना करना बंद करें।इस मैच के बाद भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा, हर दिन हर दिन हमारे लिए अच्छा दिन नहीं होता, लेकिन हम मजबूत होकर आगे बढ़ेंगे। गौरतलब है कि अर्शदीप सिंह के बचाव में पूर्व भारतीय गेंदबाज हरभजन सिंह खड़े हुए। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'युवा अर्शदीप की आलोचना करना बंद करें। कोई जानबूझकर कैच नहीं छोड़ता..हमें अपने लड़कों पर गर्व है.. पाकिस्तान ने बेहतर खेला.. ऐसे लोगों पर शर्म आती है जो इस प्लेटफॉर्म पर सस्ती बातें कहकर हमारे ही लोगों को नीचा दिखाते हैं। अर्श गोल्ड की तरह है। युवाओं का आलोचना करना बंद करें।

# कोहली के 3 डॉट बॉल, भुवी के 19 रन हार्दिक का डक और पंत की लापरवाही

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सुपर-4 में जो मुकाबला रविवार को खेला गया उसमें दोनों टीमों की तरफ से अच्छे प्रदर्शन की पूरी कोशिश की गई, लेकिन जीत तो अंत में एक ही टीम को मिलती है और यही हुआ। अच्छे प्रयासों के बीच कुछ गलतियां ऐसी जरूर होती हैं जो किसी एक टीम को पीछे कर देती है और टीम इंडिया की तरफ से भी ऐसी ही कुछ गलतियां देखने को मिली जिसकी वजह से रोहित शर्मा की टीम को बाबर आजम की टीम ने 5 विकेट से हरा दिया। आइए टीम इंडिया की कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में जानते हैं जिसकी वजह से उन्हें पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में भारतीय टीम ने बल्लेबाजी की थी और इस पारी का 20वां ओवर हारिस राउफ फेंकने आए थे। राउफ का सामना उस वक्त क्रीज पर विराट कोहली कर रहे थे। राउफ ने पहली गेंद वाइफ फेंकी और भारत को एक रन मिला। इसके बाद उन्होंने पहली गेंद सही फेंकी जिस पर रन नहीं बना। दूसरी गेंद पर विराट कोहली ने शॉट लगाया और वो रन ले सकते थे, लेकिन उन्होंने रन नहीं लिया जबकि भुवी दूसरी तरफ क्रीज पर थे जो रन बना सकते थे। वहीं तीसरी गेंद यॉर्कर थी जिसे कोहली ने रोक दिया और



फिर चौथी गेंद पर विराट कोहली खुद ही रन आउट हो गए हालांकि इस गेंद पर एक रन मिला। आखिरी ओवर की इन तीन डॉट गेंद पर प्रयास अच्छा होता तो जरूर कुछ रन जुटाए जा सकते थे जो भारत के हित में होता। पाकिस्तान दूसरी पारी में जीत के लिए मिले 182 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। 18वें ओवर के बाद टीम का स्कोर 4 विकेट पर 156 रन था और क्रीज पर आसिफ अली और खुशदिल शाह थे। यानी पाकिस्तान को अगले 12 गेंदों पर 26 रन की जरूरत थी। कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज भुवी के हाथों में सौंपी, लेकिन उन्होंने पूरी तरह से लुटिया डुबो दी। भुवी ने 19वें ओवर में कुल 19 रन लुटा दिए और मैच यहीं पर हाथ से निकल गया। भुवी ने इस ओवर में दो वाइड गेंदें फेंकी साथ ही इस ओवर में उनकी गेंदों पर एक छक्का, दो चौके लगे साथ ही उन्होंने तीन सिंगल रन भी दिए। हार्दिक पांड्या जिस वक्त क्रीज पर आए उस वक्त टीम इंडिया को तेज से रन बनाने की जरूरत थी और वो ऐसा कर सकते थे, लेकिन वो सिर्फ 2 गेंदों का सामना करते हुए डक पर आउट हो गए और उनके विकेट ने भी टीम इंडिया को बड़ा नुकसान पहुंचाया। सूर्यकुमार गजब की लय में दिख रहे थे, लेकिन वो 10 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 13 रन बनाकर आउट हो गए। उनका आउट होना टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका रहा।

# पाकिस्तान ने भारत को हराकर लिया बदल रिजवान के सामने विराट की पारी फीकी पड़ी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत लक्ष्य तक पहुंचाया लेकिन गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण भारत को दुबई में रविवार को एशिया कप टी-20 में सुपर-4 के रोमांचक मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट में भारत से ग्रुप-ए के मैच में मिली हार का बदला भी ले लिया। स्टार बल्लेबाज कोहली ने 44 गेंदों में 60 रनों की पारी खेली और भारत ने पाकिस्तान को 182 रनों का लक्ष्य दिया। विराट ने अपनी पारी के दौरान चार चौके और एक छक्का जड़ा। भारत ने निर्धारित 20 ओवर रखना पड़ा। अर्शदीप ने पहली गेंद पर एक रन दिया तो आसिफ ने दूसरी गेंद पर चौका लगा दिया, लेकिन अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना पाए। आखिरी तीन गेंदों में पाक को दो रन चाहिए थे, लेकिन अर्शदीप ने चौथी गेंद पर आसिफ को एलबीडब्ल्यू कर दिया। अब दो गेंदों में दो रन की दरकार थी, लेकिन पांचवीं गेंद पर इफ्तार ने दो रन लेकर पाक को जीत दिला दी। दो लेग स्पिनर अंतिम एकादश में : पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम प्रबंधन ने इस मैच के लिए दो लेग स्पिनरों को अंतिम एकादश में जगह दी। युजवेंद्रा सिंह चहल के साथ रवि बिशनेई को भी शामिल किया गया। इसके अलावा पाक के विरुद्ध नहीं पा रहे हैं। सूर्य ने पिछले मैच में हांगकांग की कमजोर गेंदबाजी की जमकर धुनाई करते हुए 26 गेंदों में नाबाद 68 रनों की पारी खेली थी। लेकिन पाकिस्तान के विरुद्ध पिछले मैच में वह 18 गेंदों में 18 रन बना पाए थे। और अब इस मैच में भी वह 10 गेंदों में 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इससे पहले सूर्यकुमार ने पहली बार पाकिस्तानी गेंदबाजी का सामना इस प्रारूप में पिछले साल टी-20 विश्व कप में किया था और उस मैच में भी आठ गेंदों में वह 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। भारत का मध्य क्रम अब सूर्यकुमार पर निर्भर है और अच्छी गेंदबाजी के आगे उनका बल्ला नहीं चलता है तो टीम को आगामी टी-20 विश्व कप में परेशानी का



में सात विकेट पर 181 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक विकेट शादाब खान ने लिए। उन्होंने 31 रन खर्च करके दो विकेट चटकाए। जवाब में पाकिस्तान ने 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 182 का स्कोर करके मैच अपने नाम कर लिया। मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान के लिए शानदार पारी खेली। उन्होंने 51 गेंदों में 71 रनों की पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जड़े। उनका अच्छा साथ मोहम्मद नवाब ने दिया जिन्होंने 20 गेंदों में 42 रनों की आक्रामक पारी खेली। एक समय भारत ने पाकिस्तान के 63 रन पर दो विकेट गिराकर मैच में अपनी पकड़ बना रखी थी, लेकिन रिजवान और नवाब ने भारत की पकड़ से मैच छीन लिया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 73 रनों की साझेदारी करके टीम को मैच में बनाए रखा। इस बीच, नवाज और फिर 17वें ओवर में रिजवान पवेलियन लौट गए थे और भारत के पास फिर से मैच अपनी पकड़ बनाने का मौका मिल गया। लेकिन अब खराब क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी से टीम को मुंह की खानी पड़ी। अर्शदीप का कैच छोड़ना पड़ा भारी : 17.3 ओवर में अर्शदीप ने बिशनेई की गेंद पर आसिफ अली का कैच छोड़ दिया। उसके बाद भुवनेश्वर ने 19वें ओवर में 19 रन दिए। आसिफ ने इस ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। फिर आखिरी ओवर में पाक को मैच जीतने के लिए सात रन चाहिए थे। भारत को धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगा और पेनाल्टी के तौर पर इस ओवर में भारत को 30 यार्ड सर्कल के बाहर एक खिलाड़ी को कम ही अंतिम एकादश से बाहर होने वाले रिषभ पंत को भी जगह दी गई जबकि दिनेश कार्तिक को बाहर बैठा दिया गया। इसके साथ ही बल्लेबाज दीपक हुड्डा को भी शामिल किया गया जो आफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। तेज शुरुआत : टास हारने के बाद भारत को पाकिस्तानी टीम को बड़ा लक्ष्य देना था और इसी को देखते हुए टीम ने पावरप्ले के शुरुआती छह ओवर में आक्रामक रणनीति अपनाई। रोहित ने पारी के पहले ओवर की चौथी गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला तो छठी गेंद पर छक्का जड़कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। यह ओवर नसीम शाह कर रहे थे। रोहित को देखकर राहुल ने भी अपना रंग बदला और नसीम को अपने निशाने पर लिया। उन्होंने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर आफ ड्राइव से छक्का जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने छठी गेंद पर भी छक्का जड़ा। दोनों बल्लेबाजों ने 26 गेंदों में भारत के 50 रन पूरे किए। इस बीच, हैरिस राउफ ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर रोहित को पवेलियन भेज दिया। रोहित छक्का मारने के चक्कर में खुशदिल शाह को कैच दे बैठे। रोहित ने 16 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद राहुल (28) भी अगले ओवर में शादाब का शिकार बन गए। दोनों बल्लेबाजों टीम को ठोस शुरुआत दिलाकर पवेलियन लौट गए। लेकिन इन छोटी पारियों को बड़ी नहीं बदल पाए। अच्छी गेंदबाजी के आगे नहीं चले सूर्यकुमार : पाकिस्तानी टीम की ताकत उसकी गेंदबाजी कही जाती है और भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इस चिर प्रतिद्वंद्वी के विरुद्ध चल सामना करना पड़ सकता है। उनके आउट होने के बाद पाकिस्तान के विरुद्ध पिछले मैच में आलराउंड प्रदर्शन करने वाले हार्दिक पांड्या अपना खाता भी नहीं खोल पाए और उन्हें हसनैन ने चलता किया। इस बीच, रिषभ पंत (14) भी टीम की अपेक्षाओं पर नहीं उतर सके। अकेले विराट : विराट पर टीम को मजबूत स्कोर तक लेने जाने की जिम्मेदारी थी। सलामी बल्लेबाजों के पवेलियन जाने के बाद एक छोर से विकेट गिरते रहे, लेकिन विराट ने अपनी पारी को संवारा और टीम को मजबूत स्कोर तक भी पहुंचाया। वह एक छोर से एंकर की भूमिका निभाते रहे और जब आखिरी बल्लेबाजी जोड़ी बची थी तब दीपक का हौसला बढ़ाते दिखे। उन्होंने भले ही धीमी पारी खेली लेकिन एक छोर से गिरते विकेटों के बीच उनकी यह पारी काफी उपयोगी बन गई। एक समय वह 31 गेंदों में 44 रन पर खेल रहे थे तो 36 गेंदों में छक्के के साथ अपना 32वां पचासा पूरा किया। इस बीच, दीपक हुड्डा (16) ने कुछ साहसिक शाट खेले, लेकिन वह कोहली को अकेला छोड़कर चले गए। पारी का आखिरी ओवर कर रहे राउफ की शुरुआती तीन गेंदों में कोहली कोई रन नहीं बना पाए। फिर चौथी गेंद पर वह दो रन चुराने के चक्कर में रन आउट हो गए। आखिरी दो गेंदों में पाकिस्तान ने भारत को मुफ्त में चौके दे दिए। पांचवीं गेंद पर बिशनेई ने शाट खेला और गेंद को फखर अच्छे से पकड़ नहीं पाए और गेंद चौके लिए चली गई। फिर अगली गेंद पर उन्होंने बिशनेई का कैच छोड़ दिया और गेंद सीमा रेखा को पार कर गई।

# अर्शदीप के समर्थन में उतरे विराट सहित ये दिग्गज कैच छोड़ने पर ट्रोल हुए थे युवा गेंदबाज

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान का मैच हो तो क्रिकेट केवल खेल तक सीमित नहीं रह जाता। इस एक मैच में खिलाडियों के पास हीरो अर्शदीप सिंह इस आसान कैच को पकड़ नहीं पाए। उसके बाद आसिफ अली ने 8 गेंदों पर 16 रन की पारी खेलकर जीत दिला दी। मैच के बाद सोशल मीडिया पर अर्शदीप इस चाहिए जो अर्शदीप को नीचा फील करा रहे हैं। जाने-माने कॉमेंटेटर हर्षा भोगले ने भी अर्शदीप का समर्थन किया। उन्होंने लिखा कि जब कोई खिलाड़ी लो फेज में हो तो उनका



बनने का बेहतरीन मौका होता है। पाकिस्तान के खिलाड़ी, भारत के खिलाफ और भारत के खिलाड़ी, पाकिस्तान के खिलाफ एक दिन में स्टार बन जाते है लेकिन यदि इसके उलट किसी खिलाड़ी के कारण टीम हारती है तो वह फैंस के निशाने पर भी जल्द ही आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए सुपर 4 के दूसरे मैच में जहां अर्शदीप सिंह फैंस के निशाने पर आ गए। 18वें ओवर में रवि बिशनेई के हाथ में गेंद थी। बिशनेई के तीसरे गेंद पर आसिफ अली ने हवा में शॉट खेला लेकिन कैच की वजह से ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अर्शदीप का समर्थन किया है। विराट से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि गलती किसे से भी हो सकती है। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी अर्शदीप का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वह चैंपियन गेंदबाज हैं। हरभजन ने ट्विटर पर लिखा है कि युवा गेंदबाज की आलोचना नहीं करनी चाहिए। कोई भी कैच जानबूझ कर नहीं छोड़ता। उन्होंने लिखा कि ऐसे लोगों को शर्मा आनी साथ देना चाहिए। दबाव में हम सब गलतियां करते हैं। यह उनका साथ देने का समय है। अर्शदीप आने वाले समय में भारत को कई मैच जीताएंगे। टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज को भी ट्रोल किया गया था जब पाकिस्तान की टीम ने 10 विकेट से जीत हासिल की थी और मोहम्मद शमी ने उस मैच में ज्यादा रन खर्चे थे। सुपर 4 में अभी भी भारत को दो मुकाबले खेलने हैं। 6 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ और 8 अगस्त को अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया उतरेगी।

# वीरेंद्र सहवाग की कप्तानी में इस टीम के लिए खेलते नजर आएंगे तूफानी बल्लेबाज क्रिस गेल

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अदाणी स्पो?ट्र्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) टूर्नामेंट के लिए टी-20 क्रिकेट के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक क्रिस गेल को अपने साथ जोड़ लिया है। गेल कप्तान वीरेंद्र सहवाग के साथ जायंट्स के रंग में नजर आएंगे। एलएलसी की शुरुआत 16 सितंबर से कोलकाता के ईडन गार्डेस से लिए गुजरात जायंट्स टीम का कप्तान वीरेंद्र सहवाग बनाया गया है और इसमें पार्थिव पटेल, ग्रीम स्वान, डेनियल विटोरी जैसे खिलाड़ी पहले से ही मौजूद हैं और अब टीम में क्रिस गेल के आने से इस दल की बल्लेबाजी और मजबूत हो गई है। क्रिस गेल टी20 क्रिकेट के विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार किए जाते हैं। इन दिनों वो सिर्फ टी20 लीग में ही खेलते नजर आ रहे हैं। 42 साल के क्रिस गेल के



होगी। ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक, फ्रेंचाइजी के पास अपने उपलब्ध फ्रेंचाइजी पर्स के साथ किसी भी क्रिकेट लीजेंड को अपने साथ जोड़कर अपने दल को अंतिम रूप देने के लिए तीन दिन का समय होता है। एलएलसी के सीईओ और सह-संस्थापक रमन रहेजा ने कहा, 'गुजरात जायंट्स ने क्रिस गेल को अपने व्यक्तिगत आठ करोड़ रुपये के फ्रेंचाइजी पर्स में से शेष राशि के जरिये खरीदने की इच्छा व्यक्त की थी। हमने चर्चा को सुविधाजनक बनाया और खुशी है कि गेल अदाणी स्पो?ट्र्सलाइन टीम के लिए खेलते नजर आएंगे।' आपको बता दें कि इस लीग के टी20 क्रिकेट करियर के बारे में बात करें तो उन्होंने अब तक 463 मैचों की 455 पारियों में 36.22 की औसत से 14,562 रन बनाए हैं जिसमें 22 शतक और 88 अर्धशतक शामिल है। उन्होंने 1132 चौके और 1056 छक्के भी लगाए हैं साथ ही उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 175 रन रहा है। टीम : वीरेंद्र सहवाग (कप्तान), पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, एल्टन चिगुंबुरा, क्रिस ट्रेमलेट, रिचर्ड लेवी, ग्रीम स्वान, जोगिंदर शर्मा, अशोक डिंडा, डेनियल विटोरी, केविन ओ ब्रायन, स्टुअर्ट बिननी, मिशेल मैक्लेनाघन, लेंडल सिमंस, मनविंदर बिसला, अजंता मेंडिस।

## 35 साल के बांग्लादेश के बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ऐसा रहा है

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों पर ध्यान देने के लिए रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। बांग्लादेश के 35 वर्षीय पूर्व कप्तान हालांकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं। एशिया कप 2022 में बांग्लादेश की टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वो जल्दी ही बाहर हो गई थी और इसके ठीक बाद रहीम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। मुशफिकुर रहीम के संन्यास की घोषणा एशिया कप में टीम के निराशाजनक अभियान के बाद की। इस टूर्नामेंट में टीम एक भी मैच जीतने में नाकाम रही। खराब लय में चल रहे मुशफिकुर रहीम के टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने पिछले 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में केवल तीन बार दोहरे अंकों में रन बनाए थे। वो एशिया कप 2022 में दो मैचों में केवल पांच रन ही बना सके थे।

# राशिफल

**मेष-**:शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान और योग उपयोगी रहेगा। बुद्धिमानी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा, इसलिए अपनी मेहनत की कमाई को सोच-समझकर ही निवेश करें।

**वृष-**:आज का दिन आपके लिए बढिया रहेगा। यदि आप अपने जीवन साथी से स्नेह की अपेक्षा रखते हैं तो आज का दिन आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा। लवमेट के साथ आज कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं।

**मिथुन-**:आज आप में से कुछ लोग महत्वपूर्ण निणर्य लेने पर मजबूर हो सकते हैं, जिससे आप तनावग्रस्त और चिंतित हो सकते हैं. घरेलू सुख-सुविधा की चीजों पर जरूरत से ज्यादा खर्च न करें।

**कर्क-**:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग बेरोजगार हैं उन्हें आज किसी अच्छी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है। लंबी यात्रा के कारण आपको थोड़ी थकान महसूस हो सकती है

**सिंह-**:बेचैनी आपकी मानसिक शांति भंग कर सकती है. अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित स्थान पर रखें, जो आपको भविष्य में वापस मिल सके। पारिवारिक समस्याओं को प्राथमिकता दें।

**कन्या-**:आज आप सभी परेशानियों और चिंताओं को पीछे छोड़कर अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहेंगे. आज आपका जाता हुआ दिखाई देगा जिसके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**तुला-**:आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा. आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। बड़ों का प्यार और आशीर्वाद मिलेगा। आज बाहरी यात्राओं का दौर रहेगा और यह यात्रा सुखद भी रहेगी।

**वृश्चिक-**:आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। हार न मानें और मनचाहा परिणाम पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। इन असफलताओं को प्रगति का आधार बनाएं। मुश्किल समय में रिश्तेदार भी काम आएंगे।

**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक बीमारी का रूप ले लें, आपको उन्हें खत्म कर देना चाहिए. आप किसी धर्मार्थ कार्य में भाग लेकर ऐसा कर सकते हैं, जिससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

**मकर-**:आज ऑफिस में लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है. इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपने लवमेट के साथ समय बिताने की जरूरत है।

**कुंभ-**:आज आपको थकान महसूस होगी और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ सकता है. आज आपको जमीन, जमीन जायदाद या सांस्कृतिक परियोजनाओं पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मीन-**:आज आपका ध्यान रचनात्मक कार्यों में रहेगा. आज आप कोई नई रचना भी शुरू कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आप किसी सामाजिक संगठन से जुड़ने का मन बना सकते हैं।

## सम्पादकीय

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत, ज्ञान पर टिकी 21वीं सदी की दुनिया


ताजा रपट के अनुसार, वैश्विक मानव विकास के सूचकांक में नॉर्वे सबसे ऊपर है और वह पूरे विश्व में शिक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला देश है।

शिक्षक दिवस हमें यशस्वी शिक्षाविद और भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण दिलाते हुए शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। आज भारत सशक्त और आत्मनिर्भर देश होने के अपने संकल्प पर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य में सारे देश की सुख और समृद्धि की कामना निहित है, जिसे मूर्त आकार देने में शिक्षा की केंद्रीय भूमिका से शायद ही कोई असहमत हो। दरअसल ज्ञान पर टिकी 21वीं सदी की तेज-रफ्तार सामाजिक और आर्थिक दुनिया में किसी भी समाज की सामर्थ्य उसकी शिक्षा-व्यवस्था की गुणवत्ता पर ही निर्भर करती है। ताजा रपट के अनुसार, वैश्विक मानव विकास के सूचकांक में नॉर्वे सबसे ऊपर है और वह पूरे विश्व में शिक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला देश है। भारत 189 देशों की सूची में 131 वें स्थान पर है। सभी विकसित देश शिक्षक-प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि शैशवावस्था से ही सीखने का संरचित अनुभव मिले। इसके अंतर्गत बच्चे को सृजनात्मकता के साथ सीखने का भरोसेमंद और प्रीतिकर अनुभव देने की भरपूर कोशिश होती है। इसकी व्यवस्था किसी राजनेता या नौकरशाह की मंशा की जगह शिक्षण-शास्त्र की सैद्धांतिक और व्यावहारिक उपलब्धियों के आलोक में की जाती है। समाज और विद्यालय के बीच एक पारदर्शी और भरोसे का रिश्ता भी बना रहता है। दोनों का उद्देश्य बच्चे की अंतरनिहित प्रतिभा की अभिव्यक्ति और उसकी रुचि का आदर करते हुए कौशलों के अर्जन को संभव बनाने पर जोर देती है। भारत में शिक्षा पाने का अधिकार सरकार ने सबको दे दिया है, पर कौन कितनी और कैसी शिक्षा पाता है, यह उसके भाग्य और क्षमता पर निर्भर करता है, क्योंकि सबको समान शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। लोकतंत्र की व्यवस्था में शिक्षा देने और लेने की सबको पूरी छूट है और अच्छे, बुरे, निकृष्ट हर कोटि के विद्यालय मिलते हैं। यहां निजी स्कूल हैं (यद्यपि उनको पब्लिक स्कूल कहा जाता है!), जिनकी एक बड़ी रेंज है, जिनमें छोटे साधारण स्कूल से लेकर बड़ी शान- शौकत वाले आलीशान स्कूल हैं, जिनमें हजारों की फीस प्रतिमास है और हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। दूसरी ओर, सरकारी स्कूलों का मेला लगा है, जहां अध्यापकों की उपस्थिति, विद्यालय की सुविधाएं और पाठ्य-चर्या अपेक्षित मानक स्तर से काफी नीचे है। इसका आधिकारिक प्रमाण सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण (नेशनल अचीवमेंट सर्वे) की वर्ष 2021 की रपट है। इसमें भाषा, गणित, पर्यावरण, विज्ञान, समाज विज्ञान, और अंग्रेजी में तीसरे, छठे, पांचवें, आठवें और दसवें दर्जे के छात्रों की शिक्षण उपलब्धि का हर तरह विद्यालयों में मूल्यांकन किया गया। कुल 3,40,000 बच्चों पर 720 जिलों में हुए सर्वेक्षण से पता चला कि गणित में तीसरे दर्जे में 57 प्रतिशत उपलब्धि थी, जो दर्जा पांच में 44 रह गई और आठवें में 36 और दसवें में 32 प्रतिशत पर पहुंच गई। भाषा में तीसरे दर्जे में 62 प्रतिशत से पांचवें दर्जे में 52 प्रतिशत हो गई। विज्ञान में आठवें में 39 प्रतिशत थी, जो दसवें में 35 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की उपलब्धि शहर के बच्चों से नीचे थी। अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों की उपलब्धि सामान्य श्रेणी के बच्चों से कम थी। लड़कियों की शैक्षिक उपलब्धि लड़कों की तुलना में अच्छी थी। कुल मिलाकर ये परिणाम बताते हैं कि कक्षा तीन से कक्षा दस के बीच शैक्षिक उपलब्धि में गिरावट बढ़ती जा रही है और गणित और विज्ञान में विशेष रूप से यह चिंताजनक है। महात्मा गांधी ने शिक्षा के अंतर्गत हाथ, हृदय और मस्तिष्क, तीनों के उपयोग पर जोर दिया था और शिक्षा को समाजोपयोगी बनाए रखने की बात की थी। आज समावेशन की बात हो रही है, जो प्रायः नामांकन तक सीमित है। सघन और समग्र चिंतन के साथ इसे वंचित, आदिवासी, स्त्री, दिव्यांग उपेक्षित, पूर्व बाल्यावस्था, विशिष्ट शिक्षा के लिए तत्परता आदि सभी काफी दृष्टियों से देखना जरूरी होगा।



# समर्पित शिक्षक ही बनाएंगे विश्व गुरु

भारतीय संस्कृति में गुरु या शिक्षक को ऐसे प्रकाश के स्रोत के रूप में ग्रहण किया गया है, जो ज्ञान की दीप्ति से अज्ञान के आवरण को दूर कर जीवन को सही मार्ग पर ले चलता है। इसीलिए उसका स्थान सर्वोपरि होता है। उसे साक्षात परब्रह्म तक कहा गया है। आज भी सामाजिक, आध्यात्मिक और निजी जीवन में बहुत सारे लोग किसी न किसी गुरु से जुड़े मिलते हैं। गुरु से प्रेरणा पाने और उनके आशीर्वाद से मनोरथों की पूर्ति की कामना एक आम बात है। यद्यपि गुरु की संस्था में इस तरह के विश्वास का कुछ छद्म गुरु नाजायज फायदा भी उठाते हैं और गुरु-शिष्य के पावन संबंध को लांछित करते हैं। शिक्षा के औपचारिक क्षेत्र में गुरु या शिक्षक एक अनिवार्य कड़ी है, जिसके अभाव में ज्ञान का अर्जन, सृजन और विस्तार संभव नहीं है। भारत में शिक्षक दिवस डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की स्मृति को जीवंत करता है। वह एक महान अध्यापक और राजनयिक थे। उन्होंने अपने अध्यवसाय के बल पर देश-विदेश में दार्शनिक के रूप में ख्याति अर्जित की और राष्ट्रपति के शीर्ष पद को सुशोभित किया। वह आज भी वैदुष्य की दृष्टि से प्रेरणा-स्रोत हैं। भारतीय समाज की स्मृति में धौम्य-उद्दालक, चाणक्य-चंद्रगुप्त, समर्थगुरु रामदास-शिवाजी महाराज और रामकृष्ण परमहंस-विवेकानंद जैसी गुरु-शिष्य की जोडि़यां प्रसिद्ध हैं, जिन्होंने देश काल की धारा बदल दी। यह सूची बड़ी लंबी है। तब गुरु निश्छल, प्रपंचों से दूर और वीतराग तपस्वी हुआ करते थे। गुरु की संस्था समाज का दायित्व थी और गुरु स्वतंत्र रहता था। उसका कार्य चिंतन, मनन और लोक-कल्याण के लिए अपनी साधना से ज्ञान को उपलब्ध कराना था। समय बीतने के साथ शिक्षण और दीक्षा के स्वरूप और गरिमा में बदलाव आता गया। शैक्षिक संस्थाओं के सरकारीकरण और फिर निजीकरण के साथ शिक्षा जगत पर बाजार का असर शुरू हुआ। शिक्षा व्यापार का रूप लेने लगी और विद्यार्थी अंततः धनार्थी बनता गया। अर्थ की अंतहीन स्पृहा ने शिक्षा जगत को आगोश में लेना शुरू किया। इसमें शिक्षक की प्रवृत्ति भी बदलने लगी और ज्ञान अर्जित करने की जगह वह कमाई करने लगा। आज प्रवेश, परीक्षा, उपाधि, नौकरी और शोध-प्रकाशन हर क्षेत्र में शार्टकट से काम हो जाए इसके जुगाड़ में शिक्षक और शिक्षार्थी व्यस्त हो रहे हैं। इन सबके फलस्वरूप शिक्षा के मानक गिरते जा रहे हैं। इन सबके बीच शिक्षक की भूमिका प्रशनंकित होने लगी है। आज देश में शिक्षकों को तैयार करने वाले हजारों की संख्या में प्रशिक्षण संस्थान खुले हैं, जो अध्यापक तैयार कर रहे हैं। उनमें अधिकांश की गुणवत्ता संदिग्ध है। उनमें सृजनात्मक मानस ढालने की लगन कम ही दिखती है। फलतः अध्यापन एक 'रूटीन जाब' के रूप में ग्रहण किया जाने लगा है। थोड़ी-सी संस्थाएं अपवाद हैं जहां नए प्रयोग होते हैं, लेकिन शिक्षकों के लिए जो पेशेवर दृष्टि और मानक चाहिए अधिकांश में वे अनुपस्थित ही रहते हैं। सच्चाई यह है कि शिक्षक सिर्फ पाठ्यचर्या के क्रियान्वयन से ताल्लुक रखते हैं, नीति-निर्माण के हिस्सेदार नहीं होते हैं। आवश्यकता है कि अध्यापकों में स्वाध्याय और प्रयोग की लालसा की प्रवृत्ति विकसित हो और उन्हें उसका अवसर भी दिया जाए। चूंकि संस्थाओं का एक ढांचा शिक्षक को नियंत्रित करता है और आवश्यक स्वायत्तता नहीं देता। ऐसे में अध्यापक हतोत्साहित होकर यथास्थिति बनाए रखने में ही भलाई देखते हैं। नवाचार का प्रश्न छूट जाता है और रूटीन ढंग से अध्यापन अनुसंधान चलता रहता है। चूंकि किसी भी नीति का क्रियान्वयन अंततः शिक्षक ही करता है ऐसे में अध्यापकों की तैयारी और वृत्तिक विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। अध्यापक को यह समझना होगा कि वह दानदाता की जगह समानुभूति की दृष्टि अपनाए। वह नौकर नहीं है। उसे ज्ञान के प्रति निष्ठावान श्रेष्ठ मनुष्य को तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। देश किधर जा रहा है और किधर जाना श्रेयस्कर है इस पर भी उसे सोचने की जरूरत है। वर्तमान परिवेश और चुनौतियों की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। शिक्षक और विद्यार्थी की अंतःक्रिया अब सूचना प्रौद्योगिकी से अनिवार्य रूप से प्रभावित हो रही है। इस बदलाव के साथ समायोजन करना पड़ेगा और शिक्षक को अपने कौशलों को समृद्ध करना होगा। अध्यापक-शिक्षा किसी भी शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ होती है। इसकी गुणवत्ता को लेकर आज व्यापक असंतोष व्याप्त है। हम अच्छे शिक्षक नहीं दे पा रहे हैं। अध्यापक शिक्षा का बाजारीकरण हो गया है और इसकी व्यवस्था लचर हो चली है। दूर-शिक्षा द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण और निजी प्रशिक्षण संस्थानों की बाढ़ को देखकर यही लगता है कि शिक्षण व्यवसाय की साख के साथ मजाक किया जा रहा है। कहां तो अपेक्षा थी कि पेशेवर अस्मिता का विकास होगा, शिक्षक का आत्मगौरव बढ़ेगा, पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद इन सब दृष्टियों से नाकाम रही है। मुख्य रूप से तकनीकी खानापूर्ति करते हुए शिक्षण संस्थाओं को मान्यता देना ही इसका काम हो गया है जिसे प्रायः नौकरशाह के निर्देशन में चलाया जाता है। अकादमिक उनन्यन की अभीप्सा भी चाहिए। आज ऐसे एकीकृत अध्यापक शिक्षा के कार्यक्रम चाहिए जिनमें सिद्धांत और अभ्यास, विषय और शिक्षण शास्त्र पर बल हो। इसे समावेशी और बहु अनुशासनात्मक रखना होगा। पाठ्यचर्या विकास और अकादमिक गतिविधि में स्वायत्तता और वित्तीय पारदर्शिता भी जरूरी होगी। आज देश को विश्व गुरु बनाने की अभिलाषा व्यक्त की जाती है। इस उद्देश्य के लिए समर्पित शिक्षक चाहिए, जो अपने आचरण से प्रेरित करें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए आवश्यक मूल्यबोध और सृजनात्मक प्रवृत्ति वाले हों।



# भारत के विकास की अद्भुत गाथा, मोदी सरकार की नीतियों का स्पष्ट दिख रहा असर

किसी भी भारतीय के लिए यह बड़े संतोष का विषय होगा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के महीने भर से भी कम समय में देश के सिर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सेहरा बंधा है। यह संतुष्टि तब और अधिक बढ़ जाती है जब यह उपलब्धि उस ब्रिटेन को पछाड़कर मिली, जिसके लंबे औपनिवेशिक शासन के बाद ही हमें स्वतंत्रता मिली थी। वहीं पूरी दुनिया देख रही है कि इस समय ब्रिटेन अपनी गिरती अर्थव्यवस्था को संभालने और बढ़ती महंगाई का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि भारत में स्थिति अपेक्षाकृत संतोषजनक है। भारतीय अर्थव्यवस्था की लगातार आलोचना करने वाले अर्थशास्त्री भी इससे स्तब्ध हैं कि वे ब्रिटेन की और वास्तव में पश्चिम की अधिकांश चुनौतियों का पूर्वानुमान लगाने में विफल रहे। ब्लूमबर्ग, जिसने सबसे पहले भारत के ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर दी, उसने इसकी व्याख्या औपनिवेशिक संदर्भ में करते हुए कहा कि-एक उपनिवेशवादी ताकत को उसके पूर्ववर्ती उपनिवेश ने ही पीछे छोड़ दिया। निःसंदेह इसमें औपनिवेशिक संदर्भ आपत्तिजनक हो सकता है, लेकिन ब्लूमबर्ग ने यह भी रेखांकित किया कि कैसे एक देश, जिसे 1947 में अपने ब्रिटिश शासकों द्वारा दयनीय दशा में छोड़ दिया गया था, अपनी खोई हुई आर्थिक समृद्धि और ताकत को पुनः प्राप्त करने के लिए फिर से उठ खड़ा हुआ। भारत के आश्चर्यजनक आर्थिक उदय को समझने के लिए पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली को समझना होगा। उन्होंने अर्थव्यवस्था को तेजी देने के लिए प्रमुख नीतिगत बदलाव किए हैं। जबकि पिछली सरकारें सोवियत शैली वाले राज्य नियंत्रण के आसरे भारतीय उद्यम की क्षमता को कम करके आंकती रहीं। वहीं मोदी ने अतीत को पीछे छोड़ते हुए एक ऐसे भविष्य की शुरुआत की है, जो भारतीयों की कई आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उनकी क्षमता का विस्तार करेगा और इस महान राष्ट्र के लिए तीव्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। एक ऐसा भविष्य, जो यह सुनिश्चित करेगा कि आखिरी कतार में खड़ा अंतिम व्यक्ति भी अपेक्षाकृत समृद्ध और संपनन भारत का लाभ उठाने में समर्थ हो। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रवर्तित निरंतर परिवर्तनों का प्रभाव स्पष्ट है, जिससे भारत की विकास गाथा विश्व में सबसे अधिक प्रासंगिक हो गई है। आंकड़े खुद ही इसकी कहानी कहते हैं। वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में भारत 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। वहीं क्रय-शक्ति समानता के हिसाब से भारत का सकल घरेलू उत्पाद उसे अमेरिका और चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है। अनुमान यही कहते हैं कि अन्य देशों का सकल घरेलू उत्पाद या तो स्थिर रहेगा या कम होगा, किंतु भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगातार बढ़ता रहेगा। इसका अर्थ है कि भारत अपनी बढ़त कायम रखेगा और मौजूदा कमियों को दूर करने के काम में तेजी लाएगा। कोविड-19 महामारी ने लगातार दो वर्षों तक भारत की अर्थव्यवस्था को भी शेष विश्व की भांति गंभीर रूप से प्रभावित किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतिकूल परिस्थितियों वाली आपदा की इस अवधि को भी अवसर में बदल दिया। उनकी दूरदर्शिता ने भारत को दूसरे देशों की तरह अपने धन एवं संसाधनों को बर्बाद होने से बचाया। अन्य देशों से अलग उन्होंने एक सतर्क और विवेकपूर्ण विकल्प चुना। इसके तहत रोजगार पैदा करने वाली बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं पर खर्च बढ़ाया गया और उद्योग जगत में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहन-आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया गया। दो लाख करोड़ रुपये की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना का असर दिखने लगा है। ये सभी उपाय भारत के प्रौद्योगिकी पूल का लाभ उठाने, स्टार्टअप एवं यूनिकार्न को प्रोत्साहित करने और वैश्विक स्तर पर निवेशकों एवं उद्योगों के साथ सीधे जुड़ने की सुविधा के अलावा पीएम मोदी द्वारा व्यापार की बेहद आसान प्रक्रिया, नीतिगत स्थिरता, संशोधित श्रम कानून और लोकप्रिय एवं विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान प्रणाली सुनिश्चित किए जाने की पृष्ठभूमि में हुए हैं। वहीं व्यापक टीकाकरण ने भी आर्थिक हितों को सुरक्षित किया। 1947 में भारत एक असहाय राष्ट्र था, लेकिन आज जब हम अपनी आजादी के 'अमृत काल' में प्रवेश कर रहे हैं तब हमारा देश काफी मजबूत और समृद्ध हो चुका है। आज भारत स्मार्टफोन डाटा का प्रमुख उपभोक्ता है। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के मामले में दूसरे स्थान पर है। यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। ग्लोबल रिटेल इंडेक्स में दूसरे पायदान पर है। ऊर्जा का तीसरा बड़ा उपभोक्ता देश होना भारत की उभरती अर्थव्यवस्था को रेखांकित करता है। भारत में बड़ी स्टार्टअप क्रांति आकार ले रही है, जो केवल बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं। जीएसटी कर संग्रह के लिए क्रांतिकारी और सुगम सिद्ध हुआ है। जिंसों का हमारा निर्यात 31 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। एक ऐसा देश जो कभी पीएल 480 गेहूं के भरोसे निर्भर था, आज दुनिया को खाद्यानन्न निर्यात करता है। प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान गरीबी को हटाने पर भी उतना ही केंद्रित है, क्योंकि उनसे बेहतर यह कोई नहीं जानता कि इस तबके की उनन्ति के अभाव में समग्र राष्ट्रीय समृद्धि संभव नहीं। हाल में आइएमएफ का अध्ययन भी बताता है कि देश में किस तरह अत्यधिक गरीबी और उपभोग संबंधी असमानता में तेजी से कमी आई है। यह इस दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयासों में सफलता की पुष्टि करता है। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के दोहरे मील के पत्थर को पार करना निःसंदेह भारत और भारतीयों के लिए बड़ी उपलब्धि है। यहीं से हमने पीएम मोदी की भारत को पांच ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य प्राप्ति की अपनी यात्रा शुरू की है। अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत अगले दो वर्षों में इस मील के पत्थर को भी पार कर जाएगा। ऐसा होता दिख रहा है।



# कलह में उलझी कांग्रेस, कौन होगा अगला अध्यक्ष

अशोक गहलोत इस दौड़ में प्रमुख उम्मीदवार नजर आ रहे हैं, पर वह राजस्थान छोड़ने के प्रति अनिच्छुक रहे हैं। वह जोर दे रहे हैं कि उनका उम्मीदवार (सचिन पायलट नहीं) राजस्थान का नया मुख्यमंत्री बन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आखिरकार 22 साल के अंतराल के बाद पार्टी अध्यक्ष का चुनाव कराने जा रही है। पिछली बार वर्ष 2000 में जितेंद्र प्रसाद ने सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था और हार गए थे। जैसी कांग्रेस की संरचना है, उसे देखते हुए यह तय है कि आधिकारिक उम्मीदवार की ही जीत होगी। हाल ही में गुलाम नबी आजाद ने सोनिया गांधी को लिखे एक खुले कटु पत्र में कांग्रेस पार्टी को आईना दिखाया है। हो सकता है कि उन्होंने पार्टी को अध्यक्ष चुनाव के लिए बाध्य किया हो, अन्यथा यह स्थगित भी हो सकता था, जैसा कि पिछले सवा तीन वर्षों से होता रहा है। हालांकि आधिकारिक उम्मीदवार कौन होगा, इस पर अब तक कोई सहमति नहीं है। अशोक गहलोत इस दौड़ में प्रमुख उम्मीदवार नजर आ रहे हैं, पर वह राजस्थान छोड़ने के प्रति अनिच्छुक रहे हैं। वह जोर दे रहे हैं कि उनका उम्मीदवार (सचिन पायलट नहीं) राजस्थान का नया मुख्यमंत्री बने। लेकिन दिल्ली में गहलोत और जयपुर में पायलट कांग्रेस के लिए बेहतर होगा। पुराने नेता गहलोत के पास मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी और प्रशासन को संभालने का अनुभव है, वह कांग्रेस और देश को समझने वाले ओबीसी नेता हैं, जिन्हें पार्टी के असंतुष्ट नेता भी स्वीकार करेंगे और गांधी परिवार के वह विश्वासपात्र हैं। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस न तो गांधी परिवार के बिना और न ही उसके साथ रह सकती है। नए चेहरे के रूप में राजस्थान में पायलट पार्टी में एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे और वर्ष 2023 के चुनाव में पार्टी विरोधी रुझानों का मुकाबला करेंगे। हालांकि हाल के वर्षों में कई कांग्रेसी पार्टी छोड़ते रहे हैं, लेकिन गुलाम नबी आजाद का इस्तीफा और सोनिया गांधी को लिखा गया उनका पत्र हाल के अन्य नेताओं के पार्टी छोड़ने से अलग है। निस्संदेह अन्य नेताओं के पार्टी छोड़ने से भी कांग्रेस कमजोर हुई है। कभी कांग्रेसी रहे असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा ने दिखा दिया कि अगर उन्हें आधा भी मौका दिया जाता, तो वह क्या करने में सक्षम थे। पर कांग्रेस ने उनकी क्षमता का वैसा उपयोग नहीं किया, जैसा भाजपा ने किया। राहुल के करीबी रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने साथ 22 विधायकों को लेकर कांग्रेस से निकले, उनमें से ज्यादातर फिर से चुनाव जीतने में सफल रहे, जो क्षेत्र में सिंधिया की पकड़ को दर्शाता है। उन्होंने मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरा दी, जो कांग्रेस के लिए दूसरा नुकसान थी। आज जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ लोग मोदी के बाद की भाजपा में नेतृत्व की बात करते हैं, तो योगी आदित्यनाथ और देवेंद्र फड़णवीस के अलावा वे हिमंत विस्वा सरमा और सिंधिया की भी बात करते हैं, हालांकि दोनों बाहरी हैं। जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, कपिल सिब्बल जैसे अन्य कई नेता कांग्रेस छोड़कर चले गए। यदि सच कहा जाए, तो ये सभी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व और निणन्य लेने की शैली के कारण पार्टी छोड़कर गए, जिसमें पहुंच की कमी और एक छोटी-सी मंडली में उनका घिरे रहना शामिल है। लेकिन यह भी तथ्य है कि उन्हें कांग्रेस में अपना भविष्य नजर नहीं आया। सबसे महत्वपूर्ण बात कि कांग्रेस का भी कोई भविष्य नजर नहीं आता और राहुल के नेतृत्व में पार्टी के फिर से जी उठने की कोई उम्मीद नहीं है। गुलाम नबी आजाद ने पार्टी में एक संघर्ष रेखा खींच दी है, जैसा कि हाल में किसी नेता के बाहर निकलने पर नहीं हुआ। उन्होंने राहुल को 'बचकाना' व 'अपरिपक्व' और सोनिया गांधी को केवल 'सांकेतिक चेहरा' बताते हुए चोट पहुंचाने में कामयाबी हासिल की है। इंदिरा गांधी के समय से पार्टी के विभिनन्न पदों पर रहने के कारण संगठन में उनके गहरे संबंध हैं। वह अपनी पार्टी बनाने के लिए तैयार हैं और जम्मू-कश्मीर में आधे दर्जन विधायक उनसे पहले से ही जुड़ चुके हैं। संभावना है कि वह राज्य में मुख्यमंत्री पद की दावेदारी जताएंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऐसा वह कर पाते हैं (नेशनल कॉन्फ्रेंस और संभवतः भाजपा के समर्थन से) या नहीं। क्या वह कांग्रेस पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे या समानांतर कांग्रेस खड़ा करने में सफल होंगे? और यदि वह ऐसा प्रयास करते हैं, तो क्या वास्तव में सफल हो सकते हैं? इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगा और यह दूर की कौड़ी है। लेकिन निश्चित रूप से वह कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचाएंगे और कमजोर करेंगे। उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से ठीक पहले सोच-समझकर पार्टी छोड़ी है और पत्र लिखा है। भले ही कांग्रेस अब अपने पूर्णकालिक अध्यक्ष चुनने के लिए चुनाव को आगे बढ़ा रही है, लेकिन आजाद एवं अन्य नेता पूरी चुनावी प्रक्रिया की वैधता का सवाल उठा रहे हैं। यह संभव है कि राहुल की यात्रा के दौरान अन्य लोग पार्टी छोड़ दें, ताकि उन्हें अध्यक्ष न बनाया जाए। यह कोई रहस्य नहीं है कि कांग्रेस में (दूसरी पार्टियों में भी) मतदाता सूची तय है और गुलाम नबी आजाद अतीत में इस प्रणाली के समर्थक थे। कांग्रेस में खींचतान जारी है। क्या यह पार्टी को एक विस्फोट (यदि 2024 में पार्टी खराब प्रदर्शन करती है) या विघटन (दूसरे अस्थायी क्षेत्रीय दलों के साथ) की ओर ले जाएगी या और लोगों के पार्टी छोड़ने के साथ क्षरण जारी रहेगा-यह देखा जाना बाकी है। लेकिन पार्टी में लड़ाई कुछ ज्यादा ही खुलकर सामने आ गई है। फिर भी चुनाव प्रक्रिया में मौजूद खामियों के बावजूद कांग्रेस ने एक स्वागत योग्य कदम उठाया है। गांधी परिवार के सामने सबसे पहली चुनौती यह स्थापित करने की होगी कि नया अध्यक्ष (चाहे वह कोई भी हो) गांधी परिवार का रबर स्टांप न हो, भले ही उसे परिवार के साथ मिलकर काम करना होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### इस्कान मंदिर सेक्टर 33 मे राधा रानी जन्मोत्सव मनाया गया

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**नोएडा।** भगवान श्रीकृष्ण की नित्य संगिनी श्रीमती राधारानी का जन्मोत्सव आज रविवार, दिनाँक 04 सितम्बर को मनाया गया। प्रातः 4:30 बजे से ही मन्दिर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मुख्य उत्सव दोपहर 11 बजे प्रारम्भ हुआ। जिसमें भजन, कीर्तन, भगवान का अभिषेक तथा सभी



के लिए प्रसादम की व्यवस्था रही। इसके लिए युगल जोड़ी की नई पोशाक तैयार की गई थी। श्री राधा गोविन्द देव का पञ्च गव्य (दूध, दही, घी शहद, फलों के रस एवं पुष्प) से सुन्दर अभिषेक किया गया। पूरे मन्दिर को फूलों से सजाया गया था। भगवान् को देशी एवं विदेशी व्यंजनों सहित 108 भोग अर्पित किए गए। दोपहर 1 बजे सभी को प्रसादम वितरित किया गया। इस उत्सव में लगभग 5000 लोग सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर उत्सव अत्यन्त उत्साहपूर्ण तथा उल्लासपूर्ण रहा।

### अमित शाह बोले जेलों के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि समाज में जेलों को जिस नजरिये से देखा जाता है, उसे बदलने की जरूरत है। जेल में बंद हर व्यक्ति स्वभाव से अपराधी नहीं होता, कभी-कभी ऐसी परिस्थितियां होती हैं जो उसे इसके लिए मजबूर कर देती हैं। शाह ने चेताते हुए कहा कि कांग्रेस अभियानों में किए गए वादों में फंसने की जरूरत नहीं है। राज्य में कांग्रेस और भाजपा के शासन के विरोधाभास को इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में 37 प्रतिशत बच्चों ने स्कूली शिक्षा छोड़ दी थी। अहमदाबाद में आए दिन कर्फ्यू रहता था और साल में 200 दिन सांप्रदायिक दंगे आम बात थी। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले शासन में स्कूलों में ड्रापआउट दर शून्य थी। इसी तरह वर्ष 2002 के बाद पैदा हुए बच्चों को गुजरात में पता ही नहीं है कि कर्फ्यू क्या होता है। गृहमंत्री ने रविवार को तीन दिवसीय छठी अखिल भारतीय जेल ड्यूटी मीट के उद्घाटन समारोह में पुरानी बात याद करते हुए कहा कि इससे 'पहले गुजरात की जेल में मीट का आयोजन किया गया तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और मैं गुजरात का गृह मंत्री।

# कांग्रेस नेता छोटू शर्मा ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

## कहा, प्रधानमंत्री की उम्र से बड़ा हो गया रुपया

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**मैहर।** कांग्रेस नेता युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेंद्र शर्मा छोटू ने मैहर एक कार्यक्रम के दौरान प्रेस वार्ता के दौरान कहा , स्विस बैंक में रखा काला धन साल 2014 की तुलना में आज दुगना हो गया। 2त्त



स्पेक्ट्रम और 4त्त स्पेक्ट्रम जैसे आरोप केंद्र सरकार 8 साल में आज तक सिद्ध नहीं कर पाई । महंगाई इसी तरह बढ़ती रही तो देश में श्रीलंका जैसे हालात होंगे । देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ गुरुवार को मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेश शर्मा छोटू ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला । मैहर विधानसभा में एक कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच मीडिया से बातचीत करते हुए छोटू शर्मा ने कहा , डॉलर के मुकाबले रुपया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उम्र से भी बड़ा हो गया और 80 के आसपास पहुंच गया है । छोटू शर्मा ने कहा , सत्ता में आने से पहले भाजपा ने विदेशों से काला धन लाने और हर साल 2 करोड रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे किए थे । लेकिन एक भी वादा आज तक पूरा नहीं हुआ । स्विस बैंक में साल 2014 की तुलना में आज काला धन दोगुना हो गया है । काला धन लाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया । प्रदेश सचिव ने कहा , आज देश में 45 साल में सबसे बड़ी बेरोजगारी है । 42 फ़ीसदी लोगों के पास कोई रोजगार नहीं है । देश में आर्थिक हालात बिगड़ते जा रहे है । जब आर्थिक हालात बिगड़ते हैं तो सरकार की इनकम ऑफ सोर्स कम हो जाती है । ऐसे में सरकार ने अपना खजाना भरने के लिए खाद्य पदार्थी पर ही जीएसटी लगा दिया । आटा - गेहूं , चावल जैसे खाद्य पदार्थी पर ही जीएसटी लगाकर अपना खजाना भरने का काम किया है । सरकार को सोचना चाहिए कि वह कोई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहीं है , बल्कि जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है , जिसे जनता के हित के लिए काम करना । उद्योगपतियों को राहत आमजन पर आफत - छोटू छोटू ने कहा , केंद्र सरकार ने उद्योगपतियों का 12 लाख करोड़ रुपए का ऋण माफ कर दिया । जबकि किसानों का ऋण माफ नहीं किया । आंदोलन करने वाले किसानों को झूठ बोल कर उनका आंदोलन खत्म करवाया गया और आज तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कोई बात नहीं की गई । जब किसानों का ऋण माफ करने की बात कही जाती है तो प्रधानमंत्री उसे रेवड़ी कल्चर कहना शुरू कर देते हैं । उन्होंने कहा कि देश में अगर महंगाई और बेरोजगारी के यही हालात रहे तो देश का हाल भी श्रीलंका जैसा होने वाला है । अंत में उन्होंने कहा की महंगाई बेरोजगारी आज सबसे बड़ा मुद्दा अगर आज भी सरकार इस पर ध्यान नहीं देगी तो कौन देगा चेतावनी देते हुए मीडिया के माध्यम से सरकार को चेताया कि जल्द से जल्द महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित नहीं किया तो युवक कांग्रेस सड़कों पर उतर कर पुरजोर विरोध करेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# थाना मैहर पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही, 63 लीटर अवैध मदिरा के साथ कुख्यात शराब तस्कर आशीष चौरसिया गिरफ्तार

## परिवहन मे प्रयुक्त स्कूटी एक्टिवा क्रमांक एमपी19 एम 4555 भी जब्त धारा 34( 2 ) आवकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**मैहर।** आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध शराब के स्त्रोत के संबंध मे जानकारी एकत्रित की जा रही है श्री आशुतोष गुप्ता (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक महोदय, सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री एस के जैन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना, श्री लोकेश डाबर एसडीओपी मैहर के मार्गदर्शन मे थाना मैहर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही दिनांक 03.09.2022 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र का कुख्यात शराब तस्कर आशीष चौरसिया अपनी स्कूटी एक्टिवा क्रमांक श्झ् 19 ऐं 4555 मे दो सफेद बोरियों मे भारी मात्रा मे शराब लेकर रीवा रोड तरफ से हरनामपुर बरेज की ओर जा रहा है । मुखबिर सूचना पर मैहर पुलिस द्वारा हमराही स्टाफ के साथ हरनामपुर मुक्तिधाम के पास पुलिस पार्टी द्वारा छिपकर इंतजार करने के दौरान संदेही आशीष चौरसिया अपनी स्कूटी मे बरेज तरफ आते दिखा जिसे घेराबंदी करके रोका गया, जिसकी स्कूटी मे रखी हुई सफेद बोरियों की तलाशी लेने पर 03 कार्टून अवैध अंग्रेजी गोवा शराब व 04 कार्टून प्रिंस लेमन देशी शराब कुल 07



कार्टून मे 63 लीटर अवैध शराब मिली जो मौके से अवैध शराब एवं परिवहन मे प्रयुक्त स्कूटी होण्डा एक्टिवा श्झ् 19 ऐं 4555 जब्त कर आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आवकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीवद्ध किया गया । अवैध शराब के परिवहन मे प्रयुक्त वाहन स्कूटी के राजसात की कार्यवाही भी की जा रही है तथा आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध शराब के संबंध मे भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है । **जब्त मशरुका का विवरणः-** 03 कार्टून अंग्रेजी गोवा शराब व 04 कार्टून प्रिंस लेमन देशी शराब कुल 63 लीटर कीमती 30 हजार रु. स्कूटी होण्डा एक्टिवा क्रमांक श्झ् 19 ऐं 4555 कीमती 70 हजार रु. **गिरफ्तार आरोपी का नाम विवरणः-** आशीष चौरसिया पिता स्व. दुलीचंद चौरसिया 32 वर्ष निवासी चौरसिया मोहल्ला पुरानी वस्ती थाना मैहर आरोपी का पूर्व आपराधिक इतिहासः- आरोपी आशीष चौरसिया थाना क्षेत्र का कुख्यात शराब तस्कर है जिसके विरुद्ध थाना मैहर पुलिस द्वारा पूर्व मे 03 बार धारा 34(2) आवकारी एक्ट एवं 12 बार धारा 34(1) आवकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा चुकी है । कुछ दिनों से आरोपी द्वारा चोरी छिपे पुलिस से बचते हुये शराब तस्करी की जा रही थी जिसकी आज दिनांक को मुखबिर सूचना मिलने पर मैहर पुलिस द्वारा 07 पेटी अवैध शराब के साथ दबोच लिया गया । सराहनीय भूमिकाः- कुख्यात शराब तस्कर की धरपकड एवं अवैध शराब की खेप पकडने मे निरीक्षक संतोष तिवारी थाना प्रभारी मैहर के नेतृत्व मे उनि अजय अहिरवार, प्रआर 624 पंकज मिश्रा, 522 जीतेन्द्र दिवेदी, 610 रविशंकर दुवे, 815 अनिल सिंह, आर. 159 रावेन्द्र मिश्रा, 271 संजय तिवारी की सराहनीय भूमिका रही है ।

# नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में वीकें पर हुई जमकर खरीददारी

## फूड कोर्ट में सिक्किम और आसाम के व्यंजनों की रही धूम

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट फैस्टिवल में वीकेंड पर शनिवार को महिलाओं एवं युवतियों की खासी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं फूड कोर्ट में आसाम तथा सिक्किम के व्यंजनों का भी लोगों ने स्वाद चखा। ज्ञात हो कि यह आयोजन भारत सरकार के मंत्रालय, मिनिस्ट्री ऑफ टैक्स्टाइल के डेवलेपमेंट कमिशन्र हैंडिक्राफ्ट तथा नेशनल डिजाइन सेंटर एवं नार्थ ईस्ट स्टेट गार्वमेंट डिपार्टमेंट के पारटिसिपेशन सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन के नौवें दिन शनिवार को लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की तथा मेले का लुत्फ उठाया। यहां घर की सजावट के आकर्षक सामान लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। आसाम के गन्ने तथा चमड़े के बने उत्पादों ने महिलाओं एवं युवतियों को खासा लुभा रखा है। इनमें पर्स बैग तथा कैप शामिल हैं। वहीं आसाम की कॉटन तथा सिल्क से निर्मित साड़ी दुपट्टे तथा गमछे भी आकर्षण का केंद्र बने हैं। साथ ही घर की सजावट के उत्पाद भी लोगों को पसंद आ रहे हैं। लोगों को यहां अरुणाचल के हैंडिक्राफ्ट, ऑरामेंटस, लकडी तथा बेंम्बू, हैंडलूम, कारपेट, आसाम की चाय,अचार, हाथ से बनाए गए खिालोने, सिल्क का सामान परपंरागत गहने खासे पसंद आ रहे हैं। साथ ही सिक्किम के उनी



कारपेट, पेंटिंग, आभूषण तथा ऑर्गैनिक खाने का सामान नार्थ ईस्ट के स्थानिय (वाजिब) दामों में यहां उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यहां फैस्टिवल के दौरान फूड कोर्ट में नार्थ ईस्ट के परंपरागत खानपान के स्टाल भी उपलब्ध हैं। जिसमें आसाम टी, मसाला टी, आसामी बर्गर, आसामी मोमोज तथा आसाम के अन्य प्रसिद्ध व्यंजनों का आनंद लिया जा सकता है। यहां सिक्किम के व्यंजनों में पूनी भाजी, पूड़ी भाजी तथा अन्य स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त यहां स्वादिष्ट चाट, गोलगप्पे, पाव भाजी तथा मशहूर छोले भटूरे उपलब्ध हैं।

# बठिया में दो आदिवासी मासूमों की मौत पर रामनिवास उरमलिया ने पीडित परिवार को दिलाई चार चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता


(आधुनिक मसाचार सेवा)
**मैहर।** तहसीलांतर्गत बठिया गांव में दो आदिवासी बच्चों की गत दिनों हुई असामयिक मौत पर वरिष्ठ समाजसेवी रामनिवास उरमलिया यह गंभीरतापूर्वक लेते हुए प्रशासन को साथ लेकर पीडित परिवार को के लिए राजी नहीं थे। पीडित परिजनों द्वारा इस आशय की खबर दिल्ली प्रवास पर गए वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया को दी गई। श्री उरमलिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जहां प्रशासनिक अधिकारियों से मौत



चार चार लाख रुपए की प्रशासनिक मदद दिलाने में सराहनीय भूमिका निभाई। प्राप्त खबर के मुताबिक ग्राम बठिया के आदिवासी समाज में एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों का स्वास्थ्य अचानक खराब हुआ। परिवार के लोग आनन-फानन सिविल हॉस्पिटल मैहर लेकर पहुंचे तब तक उन दोनों मासूमों की मौत हो चुकी थी। लिहाजा दोनों शव पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए लेकिन मौत के कारण की चिकित्सकीय पुष्टि प्राप्त किए बिना परिजन और ग्रामीण जन दोनों शवों का अंतिम संस्कार करने के कारण की पोस्टमार्टम के आधार पर अधिकारिक पुष्टि किए जाने की बात की वहीं पीडित परिजनों को सांत्वना और समझाइश देने हेतु अपने छोटे भाई जिला पंचायत सदस्य श्रीधर उरमलिया एवं विष्णुधर उरमलिया को मौके पर पहुंचने को कहा। उधर मौके पर प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार श्री त्रिपाठी भी पहुंचे तथा दोनो मासूमों पर पीडित परिवार को चार चार लाख रूपए की आर्थिक मदत दिए जाने का आश्वासन दिया तब जाकर कहीं परिजन संतुष्ट हुए और दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया ।

# मैहर क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी एवं साइबर अपराधियों का आतंक

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**मैहर।** क्षेत्र में कई गावों में ऑनलाइन ठगी एवं साइबर अपराधियों का बढ़ा आतंक ऑनलाइन बैंकिंग के लोगो को गुमराह करके उनके बैंक खाते में से लाखो रुपया निकाले जा रहे है कल दिनाक 02/09/2022 को मैहर थाना प्रभारी संतोष तिवारी को लिखित



नाम पर लूट रहे है लोगो का पैसा हाल ही में एक घटना सरलानगर ग्राम में कई लोगो के बैंक खाते से व क्रेडिट कार्ड के माध्यम से वित्तीय ठगी की घटना घटित हो रही है , दिनदहाड़े रूप से उक्त दस्तावेजों के साथ हीरालाल कुशवाहा ने शिकायत दर्ज कराई अब देखना ये है की थाना प्रभारी संतोष तिवारी जी उक्त मामलो में क्या संज्ञान लेते है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रबंधक की अनदेखी से गेट के सामने कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

## समाजसेवी उमाकांत उपाध्याय ने की अपील

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**मैहर।** में दशकों से अव्यवस्था का पर्याय बना अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट



जिसे लेकर लोगों ने लगातार आवाज उठाई लेकिन लोगों की आवाज को कूट चरित नीति से दबा दिया गया जिसमें जयचंदों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रबंधक की एक अनदेखी सैकड़ों लोगों की जान ले सकती है लेकिन उस अनदेखी को न प्लांट प्रबंधक सुधार रहे और प्रशासनिक रवैया देख लगता है प्रशासन ने उद्योग की जी हजूरी का ठेका ले लिया है, लगातार लोग प्रशासन के ऊपर उद्योग का पक्ष लेने का आरोप लगाते आये है,यथास्थिति देख ऐसा लगता है इस प्रजातांत्रिक देश में प्रजा की आवाज को अनसुना कर सही निणत्र्य न देने की कसम प्रशासन में बैठे अधिकारियों ने खाई फिर उनकी नियुक्ति मैहर में हुई है,मैहर के वरिष्ठ समाजसेवी सोनवारी निवासी उमाकांत उपाध्याय ने अपनी बात उद्योग प्रबंधन और प्रशासन के समझ अपील के जरिए रखी है उनका कहना है कि प्रतिदिन अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में कार्य करने वाले कर्मचारी छुट्टी के बाद अपने घर जाते हैं लेकिन छुट्टी होते ही सैकड़ों की तादात पर सरलानगर नीचे गेट जहां प्लांट का मुख्य गेट है यहां से कर्मचारियों निकलते ही स्टेट हाइवे 11 में अचानक आते है भदनपुर की तरफ से आते वाहनों में कभी भी ये हादसे का शिकार हो सकते है सबको पता अत्यधिक ढलान होने के कारण वाहनों की रफ्तार बढ़ जाती है आए दिन अनियंत्रित होकर वाहन हादसे का शिकार हो जाते है लेकिन उसके बाद भी अपने कर्मचारियों को लेकर उद्योग प्रबंधन सजग नही हो रहा है! लोगो की सुरक्षा पर प्रशासन और उद्योग प्रबंधन मिलकर ध्यान दे इसके लिए समाजसेवी उमाकांत उपाध्याय ने अपनी बात प्रशासन और उद्योग प्रबंधन के समझ रखी है अब सवाल यह है की उद्योग अल्ट्राटेक प्रबंधन बातो को गंभीरता से लेता है या हवा हवाई कर अनदेखा करेगा!

# उप राष्ट्रपति ने धर्मगुरुओं से किया आग्रह देहदान को लेकर दूर करें लोगों का भ्रम

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को धर्मगुरुओं से आग्रह किया कि वे अंग व देहदान को लेकर लोगों के भ्रम को दूर करने के लिए आगे आएं। संवेदनशील मुद्दा है, क्योंकि यह धार्मिक मान्यता से भी जुड़ता है। ऐसे में धर्मगुरुओं का आगे आना जरूरी है। उन्होंने इसके लिए लोगों की सहायता करने वाला तंत्र बनाने की आवश्यकता पर का विमोचन भी किया गया। इसकी पहली प्रति उप राष्ट्रपति को भेंट की गई। इस दौरान पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी, आलोक कुमार,




उन्होंने कहा कि इसमें मीडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वह महर्षि दधीचि की जयंती पर दधीचि देहदान समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अंगदान का निर्णय लोगों के लिए बेहद बल दिया। महर्षि दधीचि जयंती की बधाई देते हुए उप राष्ट्रपति ने सभी से उनके जीवन दर्शन को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश की साध्वी भगवती सरस्वती द्वारा सकारात्मकता से संकल्प विजय का नामक पुस्तक वरिष्ठ अधिवक्ता और दधीचि देह दान समिति के संरक्षक, अंगदाताओं के परिवारिक सदस्य, 22 राज्यों के गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, डॉक्टर और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# एच सी एल के दो पूर्व सीएमडी व जीएम समेत पांच अधिकारी भ्रष्टाचार के मामले में नप

(आधुनिक मसाचार सेवा)
**भिलाई।** सीबीआइ ने हिंदुस्तान कापर लिमिटेड (एचसीएल) के दो पूर्व सीएमडी व जीएम सहित पांच अधिकारियों व कुछ अन्य लोगों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व धोखाधड़ी समेत आइपीसी की विभिनन्न धाराओं के




तहत केस दर्ज किया है। यह मामला 2016 से 2020 के बीच मध्य प्रदेश के मलाजखंड व राजस्थान की खेतड़ी में स्थित कापर की खदानों से जारी किए गए विभिन्न अनुबंधों में कदाचार से संबंधित है। दिल्ली से पहुंचे सीबीआइ के अधिकारियों ने शुक्रवार को एचसीएल के तत्कालीन सीएमडी कैलाश धर दीवान, पूर्व कार्यकारी निदेशक (सामग्री व अनुबंध) दिलीप कुमार महाजन, महाप्रबंधक (परियोजना) विनय कुमार सिंह, तत्कालीन निदेशक (संचालन) व पूर्व सीएमडी संतोष शर्मा तथा तत्कालीन सहायक महाप्रबंधक (इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग) विवेक गुप्ता के भिलाई स्थित ठिकानों पर दबिश दी थी। सीबीआइ की जांच अभी जारी है। सीबीआइ के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एचसीएल में वर्ष 2016-20 के दौरान मलाजखंड व खेतड़ी की खदानों के लिए जो अनुबंध किए गए थे, उनमें अनियमितता पाई गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तत्कालीन सीएमडी कैलाश धर दीवान ने तत्कालीन निदेशक (आपरेशन) संतोष शर्मा व तत्कालीन एजीएम विवेक गुप्ता के साथ मिलकर साजिश रची थी। इन्होंने खेतड़ी कापर काम्प्लेक्स के पायलट प्लांट में टेलिंग्स से सोना, चांदी व सिलिका धातु निकालने का ठेका स्टार ट्रेस प्राइवेट लिमिटेड (एसटीपीएल) चेनन्ई को दिया था। अपेक्षित मात्रा में धातु न निकलने की वजह से यह प्लांट बंद करना पड़ा।

# प्रतीक सहजापाल को निकाल अपने इस चहेते कंटेस्टेंट को वापस लाए रोहित शेट्टी, खुश हुए फैंस

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के स्टंट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में रविवार का दिन काफी एक्साइटिंग रहा। शो के एक पॉपुलर कंटेस्टेंट की विदाई हो गई तो वही पहले से एलिमिनेट हुए एक खिलाड़ी की वापसी भी हुई। शो की शुरुआत तो नुक्कड़ नाटक के साथ हुई। जिसके बाद रोहित ने खिलाड.ियों को स्टंट के बारे में बताया। उन्हें काफी ऊंचाई पर रस्सी पर चलकर इस स्टंट को कंप्लीट करना था और इसके साथ ही उनके पास एक आखिरी मौका था खुद पर से फियर फंदा हटाने का। खतरों के खिलाड़ी 10 के पहले राउंड में प्रतीक सहजपाल को काफी ऊंचाई पर एक रस्सी पर चलना था जिसमें बाद में स्विमिंग भी करनी थी। प्रतीक को हाइट से डर लगता है जिसके कारण उन्होंने यह टास्क करने से इनकार कर दिया। रोहित शेट्टी को प्रतीक के ऊपर काफी गुस्सा आया कि उन्होंने पहले ही हार मान ली। इस टास्क में मोहित फर्स्ट आए और उनका फियर फंदा हट गया। दूसरे टास्क को पानी में लटकी ट्रक पर करना था। इस ट्रक के अंदर काफी सारा सोना था। तो अंदर जाकर जितना हो सके गोल्ड इकट्ठा करना था और लेकर बाहर आना था। 15 मिनट बाद जिसके पास सबसे ज्यादा सोना होगा उसका फियर फंदा उतर जाएगा। इस टास्क के विनर राजिव रहे और वो सेफ भी हो गए। अंत में रुबीना, प्रतीक और कनिका को एलिमिनेशन स्टंट करना था। इस स्टंट में गाड.ियों को पार करते हुए फ्लैग्स निकालने थे। सारी गाड.ियां पानी के ऊपर हवा में लटकी हुई थीं। कनिका ने स्टंट नहीं किया जिसके बाद रुबीना गईं। उन्होंने इसे अच्छे से पूरा किया। इसके बाद एक बार फिर प्रतीक ने स्टंट करने से इनकार कर दिया और वो शो से एलिमिनेट हो गए। शो में फैजू और सृति की वापसी हुई लेकिन एक स्टंट से ये डिसाइड करना था कि दोनों में से कौन रहेगा। इसमें फैजू ने बाजी मार ली और शो में एक बार फिर वापस आ गए।




# आर आर आर और केजीएफ 2' को धूल चटाने के लिए तैयार है 'ब्रह्मास्त्र'

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' इन दिनों खबरों में छाई हुई है। 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। 'ब्रह्मास्त्र' ने पहले दिन एडवांस बुकिंग के तौर पर अच्छी कमाई की थी। तो वहीं दूसरा दिन भी अयान मुखर्जी की इस साई फाई फिल्म के लिए बढ.िया साबित हुआ। अगर ऐसे ही ट्रेंड्स आते रहे तो आने वाले दिनों में आप देखेंगे कि 'ब्रह्मास्त्र' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' और यश स्टारर 'केजीएफ 2' को भी धूल चटा देगी बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक ब्रह्मास्त्र ने अब तक शानदार एडवांस बुकिंग की है। इस फिल्म ने देशभर में करीब 65,000 टिकिट्स की बिक्री कर ली है। अभी तक एसएस राजामौली की बाहुबली (दोनो सीरीज) केजीएफ 2 और आरआरआर की एडवांस बुकिंग को सबसे अच्छा माना जाता है। ऐसे में अगर 'ब्रह्मास्त्र' अपने इस ट्रेंड को बनाए रखने में कामयाब हो जाती है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि बॉक्स ऑफिस का सूखा जल्द ही खत्म होने वाला है रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने पीवीआर, आईनॉक्स और सिनेपोलिस जैसे बड़े 3 नेशनल थियेटर चेन्स से अकेले ही 50,000 टिकिट्स बेच लिए हैं। यह फिलहाल किसी भी बॉलीवुड फिल्म के सबसे बढ.िया आंकड़े हैं। इसने ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की 'वॉर' से भी ज्यादा अच्छा प्रदर्शन किया है। ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इस बेहतरीन एडवांस बुकिंग का असर पहले दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर जरूर देखने को मिलेगा, जो कि 20 करोड़ से ऊपर रहने की उम्मीद की जी रही है। बता दें कि राजामौली की 'आरआरआर' ने अकेले हिन्दी बॉक्स ऑफिस से 20 करोड़ के करीब की ओपनिंग ली थी। इस हिसाब से 'ब्रह्मास्त्र' की रिलीज में अभी 3 दिन का समय और है ऐसे में फिल्म के पास अभी मौका है एडवांस बुकिंग के तौर पर ज्यादा से ज्यादा पैसे समेटने का। सोशल मीडिया पर 'बायकॉट ब्रह्मास्त्र' जबरदस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। दूसरी तरफ दर्शकों में एक्साइटमेंट है 'ब्रह्मास्त्र' को लेकर जोकि करण जौहर और फिल्म की पूरी टीम के लिए राहत की बात है।



# ऋषभ पंत के आउट होते ही ट्रोल हुई उर्वशी रौतेला


**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एशिया कप के सुपर-4 मैच में पाकिस्तान ने भारत को 5 विकेट से करारी शिकस्त दी है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 181 रन बनाए। भारतीय टीम का मैच देखने के लिए एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला पिछली बार की ही तरह इस बार भी स्टेडियम पहुंची थीं। ऋषभ पंत की। कुछ अच्छे शॉट्र्स खेलने के बाद ऋषभ पंत भी आउट हो गए। दर्शकों को उनका इस तरह आउट होना पसंद नहीं आया और उन्हें इसके लिए उर्वशी रौतेला को ट्रोल करना शुरू कर दिया।भारत-पाकिस्तान मैच में ऋषभ पंत ने केवल 14 रन बनाए। ऋषभ पंत के मैदान से जाते ही सोशल मीडिया पर मीम्स





ग्राउंड कैमरा की नजर जब उर्वशी पर पड़ी तो वो टीम इंडिया को चीयर करती नजर आईं। इस बार ऋषभ पंत भी टीम का हिस्सा थे जबकि पिछली बार उन्हें रेस्ट दिया गया था। इस बार तो जैसे ही ऋषभ पंत आउट हुए सोशल मीडिया पर उर्वशी को लेकर मीम्स की बाढ़ आ गई भारत और पाकिस्तान मैच में उर्वशी किसी डॉल की तरह तैयार हो कर आईं थीं। रॉयल ब्लू कलर की ड्रेस में एक्ट्रेस काफी खूबसूरत लग रही थीं। स्टेडियम में उन्हें देखने वालों की नजरें ही नहीं हट रही थीं। उर्वशी ने कैमरे के लिए खूब सारे पोज भी दिए। फिर मैच शुरू हुआ और रोहित शर्मा की धुआंधार बल्लेबाजी देख उर्वशी ने खूब तालियां भी बजाई। विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ और बारी आई की बाढ़ आ गई। किसी ने कहा कि यह उर्वशी की मुराद थी जो पूरी हुई तो किसी ने कहा कि ऋषभ का मूड अपनी दीदी को ग्राउंड में देखकर खराब हो गया था। दरअसल, उर्वशी और ऋषभ पंत के बीच कोल्ड वॉर तब शुरू हुई जब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा ऋषभ पंत उनसे मिलने आए थे। वो होटल की लॉबी में वेट कर रहे थे और एक्ट्रेस को खूब सारे कॉल्स भी किए पर मिटिंग नहीं हो पाई। उर्वशी ने बताया कि वह थकी हुई थी तो कमरे में जाकर सो गई। उठने पर देखा 16-17 मिस्ड कॉल पड़े हैं। इसके बाद ऋषभ ने उर्वशी को दीदी कहते हुए एक पोस्ट लिख दी। जिसके बाद एक्ट्रेस ने उन्हें जवाब में छोटू भैया कहा।

# जाह्नवी कपूर का बोल्ड अंदाज देख फैंस के छूटे पसीने, कहा



**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट बोल्ड फोटोज शेयर की है। उन्होंने कुल 7 तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें स्लीवलैस क्रॉप टॉप और डेनिम शॉट्र्स पहने बोल्ड पोज देते हुए देखा जा सकता हैत् इसमें उनका स्लिम और वेल टोंड फिगर भी नजर आ रहा है। जाह्नवी कपूर के बाल खुले हुए हैं। उन्होंने मेकअप कर रखा है और वह बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं जाह्नवी कपूर ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'अनडन जाह्नवी कपूर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है।इसे 2 घंटे में सवा 6 लाख से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं इस पर 3800 कमेंट किए गए हैं कई लोगों ने तस्वीरों पर स्टनिंग, ब्यूटीफुल, कोई इतना खूबसूरत कैसे हो सकता है, जो जाह्नवी से जले जरा साइड से चले, सो ब्यूटीफुल, लुकिंग हॉट, फायर जैसे कमेंट कर रहे हैं। जाह्नवी कपूर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर जंगल की आग की तरह फैल रही है एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हाल ही में फिल्म गुड लक जेरी में नजर आई थी। इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था। जाह्नवी कपूर ने फिल्म धड़क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म की रिलीज से पहले ही श्रीदेवी का निधन हो गया था। श्रीदेवी जाह्नवी कपूर की मां थी जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर भी जल्द फिल्मों में नजर आने वाली हैत् हाल ही में उनकी फिल्म द आर्चीज का ट्रेलर जारी किया गया हैत् इस फिल्म में उनके अलावा सुहाना खान और अगस्त्स्य नंदा की भी अहम भूमिका है। जाह्नवी कपूर की फोटोज पर फैंस दिल खोलकर कमेंट्स करते है ।

# जीतू भैया' ही नहीं, इन टीचर्स ने भी ओटीटी पर जीते लोगों के दिल

## हुमा कुरैशी को देख दंग रह जाएंगे आप

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान से लेकर सुष्मिता सेन तक कई बड़े स्टार्स ने टीचर और प्रोफेसर के दमदार किरदार निभाए हैं। एजुकेशन जैसे सब्जेक्ट पर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कई कहानियां देखने को मिली है लेकिन, ओटीटी ने एजुकेशन के मामले में एक अलग ही बेंच मार्क एचीव किया है, जो कभी दिल को छू लेता है तो कभी सिस्टम की झकझोर देने वाली सच्चाई दिखाता है। इन वेब सीरीज के जरिए कई ऐसे टीचर्स के किरदार सामने आए, जो स्टूडेंट और सोसायटी दोनों के लिए आइडियल टीचर का उदाहरण पेश करते हैं। कोटा फैक्ट्री के जीतू भैया की बात करें तो वे इसका बेस्ट एग्जांपल हैं। इसके साथ ओटीटी पर कई और ऐसी ही वेब सीरीज मौजूद हैं, जिसे आप कुछ अलग एक्सपीरियंस करने के लिए टीचर्स डे के मौके पर देख सकते हैं। नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज कोटा फैक्ट्री ने अपने पहले सीजन से ही बवाल मचा दिया था। सीरीज में कोटा शहर में इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स की कहानी दिखाई गई है। इनके बीच एक फीजिक्स टीचर है जीतू भैया जो मुश्किल टॉपिक्स को आसान तरीके से पढ़ाने के लिए बच्चों के बीच फेमस है और उनकी लाइफ की फिलॉसाफी तो बस सीधे सोचने पर मजबूर कर देती है अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज क्रैश कोर्स भी कोटा फैक्ट्री जैसी कहानी दिखाती है। यह सीरीज कोचिंग संस्थानों और वहां पढ़ने वाले स्टूडेंट्स पर आधारित है। क्रैश कोर्स की कहानी स्टूडेंट्स और कोचिंग मालिकों के बीच के संघर्ष पर ज्यादा फोकस करती है। सीरीज में एके सर और प्रणय पचौरी जैसे टीचर्स शामिल हैं, जिनके पढ़ाने के तरीके स्टूडेंट्स के बीच जीतू भैया वाला जादू बिखेरते हैं। यूट्यूब चैनल टीवीएफ की वेब सीरीज एस्पिरेंट दिल्ली के राजेन्द्र नगर में सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वालों के इर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज में कई बार टीचर्स अपने फंडे से स्टूडेंट्स को इंप्रेस करते हैं लेकिन, सीरीज की जान इसके एस्पिरेंट्स है। जी 5 की साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज मिथ्या में हुमा कुरैशी ने दमदार किरदार निभाया है। वे टीचर की दुनिया के काले सच को दिखाती हैं कि एक अच्छा टीचर जितना स्टूडेंट की लाइफ बेहतर कर देता, एक घमंडी टीचर उतना ही बर्बाद भी कर देता है। मिथ्या से भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी ने डेब्यू किया था और स्टूडेंट के रोल में नजर आई थीं। दशिक्षा मंडल एमएक्स प्लेयर की अपकमिंग वेब सीरीज है, जो एजुकेशन सिस्टम में चल रही धांधली के बारे में बात करती है। शिक्षा मंडल में गौहर खान एक कठोर पुलिस अफसर का रोल निभा रही हैं। वहीं, गुलशन देवया एक मेहनती युवा आदमी के किरदार में नजर आएंगे। कोटा फैक्ट्री और क्रैश कोर्स की तरह यह भी कोचिंग सेंटर के इर्द-गिर्द घूमती है। सैयद अहमद अफजल द्वारा निर्देशित शिक्षा मंडल 15 सितंबर को स्ट्रीम होगी।



# कार्तिक आर्यन की लगी लॉटरी झोली में गिरी एक और बड़ी फिल्म

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हैंडसम हंक कार्तिक आर्यन की लॉटरी लग गई है। एक के बाद एक ब्लॉकबस्टर मूवीज देने वाले कार्तिक अब इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स में से एक बन चुके हैं। भूल भुलैया 2 की ग्रैंड सक्सेस के बाद वह सत्य प्रेम की कथा की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। अब ऐसी जानकारी है कि कार्तिक के हाथ एक और बड़ी फिल्म लग गई है। उन्हें अनुराज बसु की बड़ी फिल्म ऑफर की गई है। अ कार्तिक करेंगे अनुराग बसु की फिल्म में का अनुराग बसु इंडस्ट्री के वेल इटैब्लिश्ड निर्माताओं में से एक हैं। उनकी गिनती एक अच्छे निर्माता में होती है। उन्होंने अब तक जो भी फिल्में बनाई हैं वह सभी और एक्टर्स के करियर के टर्निंग प्वाइंट साबित हुई हैं। अब ऐसी जानकारी है कि वह अपनी फिल्म में कार्तिक आर्यन को डायरेक्ट कर सकते हैं। कार्तिक की ये फिल्म रोमांटिक है जो कि एक ऐसी लव स्टोरी है जो अभी तक सिनेमा घरों में नहीं दिखाई गई है।



# साइरस मिस्त्री की मौत से सदमे में बॉलीवुड, अनुपम खेर, सुनील शेट्टी, बोमन ईरानी ने जताया दुख

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**उद्योग जगत के लिए आज एक बहुत बुरी खबर आई टाटा सन्स के भूतपूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का मुंबई के पास रोड एक्सीडेंट में निधन हो गया इस पर बॉलीवुड के कलाकारों ने भी प्रतिक्रियाएं दी हैं अनुपम खेर ने ट्वीट करते हुए लिखा है, 'रोड एक्सीडेंट में साइरस मिस्त्री का यूं अचानक जाना बहुत ही असहनीय हैत् उनके दोस्त और परिवारों के दुख में मैं भी शामिल हूं, ओम शांति सुनील शेट्टी ने ट्वीट करते हुए लिखा है, 'शॉकिंग न्यूज, रेस्ट इन पीस साइरस मिस्त्री घरवालों को भगवान यह दुख सहने का साहस दें' इसके साथ उन्होंने एक तस्वीर भी शेयर की है बोमन ईरानी ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि साइरस मिस्त्री का निधन पारसी समुदाय के लिए बहुत बड़ा झटका है उन्होंने लिखा है, 'साइरस मिस्त्री के जाने से शॉक और सदमे में हूं देश का, व्यापार जगत, और पारसी समुदाय का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है बहुत बुरी खबर है गौरतलब है कि साइरस मिस्त्री के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है उन्होंने लिखा है, 'साइरस मिस्त्री का यूं अचानक जाना खल रहा है वह एक अच्छे बिजनेस लीडर थे, जिन्हें भारत की अर्थव्यवस्था में विश्वास था उनका जाना कॉमर्स और इंडस्ट्री जगत के लिए बहुत बड़ा नुकसान है उनके परिवार और दोस्तों को भगवान यह दर्द सहने की शक्ति दें साइरस की आत्मा को शांति दे साइरस मिस्त्री टाटा सन्स के छठे चेयरमैन थे उन्हें 2016 में इस पद से हटा दिया गया था उनके हटाए जाने के बाद एन चंद्रशेखरन ने एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर पदभार संभाला था साइरस मिस्त्री उद्योग जगत में एक जाना-माना नाम था।



# सलमान खान पैंट की जेब में आधा भरा ग्लास फिट करते आए नजर, फैंस ने पूछा, 'क्या है इसमें'

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**सलमान खान ने हाल ही में एक पार्टी में भाग लिया था खास बात यह है कि इस अवसर पर वह हाथ में एक ग्लास लेकर आए और जब वह पार्टी से गए, तब भी वह ग्लास उनके साथ था इसके चलते उनके सभी फैंस कयास लगाने लगे कि ग्लास में ऐसा क्या है, जिसे सलमान खान छोड़ ही नहीं रहे हैं सलमान खान ने अपने फैंस को कंफ्यूज कर दिया है वह हाल ही में एक पार्टी में अलग अंदाज में नजर आए सलमान खान इस अवसर पर आधा भरा ग्लास लेकर पहुंचे थे इस पर इंटरनेट पर लोग चर्चा करने लगे की ग्लास में क्या हो सकता है कई लोगों ने इसे सलमान खान का नया अंदाज भी बताया यह घटना तब घटी है जब सलमान खान एक दोस्त की बर्थडे पार्टी में शनिवार को पहुंचे थेत् वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है सलमान खान कार से उतरने के बाद आधा भरा हुआ ग्लास जींस की पॉकेट में डालते नजर आ रहे हैं इसके बाद वो गाड़ी का दरवाजा बंद करते हैं और आगे बढ़ जाते है वापिस जाते समय भी ग्लास उनके हाथ में होता हैं और वह गाड़ी की सीट पर बैठ जाते हैंत् सलमान खान को देख फैंस कंफ्यूज हो जाते हैं एक ने पूछा है, 'भाई ग्लास में क्या था' एक ने पूछा है, 'वोडका या जीन एक ने लिखा है, 'क्या इसमें पानी है सलमान खान हाल ही में फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थेत् वह जल्द किसी का भाई, किसी का जान में नजर आएंगेत् वहीं वह टाइगर 3 में भी नजर आएंगे।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।